वर्ष-23 अंक-231
पृष्ठ-8 मूल्य-2.00
भोपाल
सोमवार 23 मार्च 2026
चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत्-2083
E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

दैनिक
# समय जगत

भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...





## माँ स्कंदमाता



सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

श्री दुर्गा का पंचम रूप श्री स्कंदमाता हैं। श्री स्कंद (कुमार कार्तिकेय) की माता होने के कारण इन्हें स्कंदमाता कहा जाता है। नवरात्रि के पंचम दिन इनकी पूजा और आराधना की जाती है। इनकी आराधना से विशुद्ध चक्र के जाग्रत होने वाली सिद्धियां स्वत: प्राप्त हो जाती हैं। इनकी आराधनासे मनुष्य सुख-शांति की प्राप्ति करता है। सिंह के आसन पर विराजमान तथा कमल के पुष्प से सुशोभित दो हाथों वाली यशस्विनी देवी स्कन्दमाता शुभदायिनी है।

# मोदी ने कहा- प्रगति के नए अध्याय गढ़ रहा है प्रदेश

**नई दिल्ली।** बिहार दिवस के अवसर पर देश के शीर्ष नेताओं ने राज्य के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए इसके गौरवशाली इतिहास और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित कई प्रमुख नेताओं ने अपने संदेशों में बिहार की ऐतिहासिक विरासत और विकास की संभावनाओं को रेखांकित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने संदेश में कहा कि बिहार केवल भारत ही नहीं, बल्कि विश्व इतिहास में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने इसे विश्व के प्रथम गणराज्य की भूमि बताते हुए कहा कि इस प्रदेश ने प्राचीन काल से ही महान सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और राजनीतिक परंपराओं को जन्म दिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार के लोग अपनी प्रतिभा और परिश्रम के बल पर राज्य और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बिहार दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने बिहार दिवस पर दी शुभकामनाएं



यह प्रदेश भारतीय विरासत को भव्यता और दिव्यता प्रदान करने वाला रहा है। उन्होंने कहा कि आज बिहार विकास के नए अध्याय लिखने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने यह भी भरोसा जताया कि राज्य के ऊर्जावान और कर्मठ लोग विकसित बिहार के साथ विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अहम योगदान देंगे। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में बिहार के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान में राज्य अपने संकल्प और प्रयासों से एक बेहतर भविष्य की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे समृद्ध बिहार के निर्माण के लिए मिलकर काम करें और राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।इसके अलावा, बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने भी बिहार स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह अवसर राज्य के इतिहास, संस्कृति और विकास के संकल्प को और मजबूत करने का है।

### भारत की नई अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में सशक्त भूमिका में रहेगा मध्यप्रदेश

# मध्यप्रदेश बनेगा अंतरिक्ष तकनीक का प्रमुख केंद्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश स्पेसटेक नीति-2026 लागू की है। यह नीति स्पेसटेक नवाचार, विनिर्माण, अनुसंधान और तकनीक आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा देकर प्रदेश को भारत की तेजी से विकसित हो रही अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण केंद्र बनाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था तेजी से विस्तार कर रही है और भारत इस क्षेत्र में नई संभावनाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश अपनी मजबूत औद्योगिक संरचना, प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों, डिफेंस कॉरिडोर और उभरते टेक्नोलॉजी इको सिस्टम के कारण स्पेसटेक निवेश के लिए एक अनुकूल और आकर्षक गंतव्य बन रहा है। यह नीति प्रदेश की वैज्ञानिक और खगोलीय विरासत को भविष्य उन्मुख तकनीकी नेतृत्व में बदलने का एक दूरदर्शी प्रयास है, जो युवाओं के लिए नए अवसर तैयार करेगी और प्रदेश को स्पेसटेक सेक्टर में नई पहचान दिलाएगी। स्पेसटेक नीति-2026 अंतरिक्ष क्षेत्र के अपस्ट्रीम, मिडस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम सभी क्षेत्रों के विकास का व्यापक रोडमैप प्रस्तुत करती है।इसमें सैटेलाइट और लॉन्च व्हीकल कंपोनेंट निर्माण, प्रणोदन प्रणाली, एवियोनिक्स, उन्नत सामग्री, असेंबली-इंटीग्रेशन-टेस्टिंग, मिशन संचालन, ग्राउंड स्टेशन, स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस और एआई आधारित डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है।नीति में आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग, टेस्टिंग और डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा और युवाओं को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों में स्पेसटेक क्षेत्र के लिए तैयार किया जाएगा। नीति में स्पेसटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा, जहां अनुसंधान, नवाचार, प्रोटोटाइप विकास और स्टार्टअप इनक्यूबेशन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्मालसेट डिजिटल ट्विन लैब एण्ड स्पेस इनोवेशन सैंडबोक्स जैसी आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। उज्जैन में खगोल भौतिकी और अंतरिक्ष विज्ञान के लिए अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित कर प्रदेश की वैज्ञानिक विरासत को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जाएगा। नीति में स्टार्टअप्स को 75 लाख रुपये तक आइडिया-टू-प्रोटोटाइप अनुदान, एक करोड़ रुपये तक टेक्नोलॉजी अधिग्रहण सहायता और 200 करोड़ रुपये का रणनीतिक फंड निवेश, राज्य भागीदारी कोष से उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही एक पेटेंट पर 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति, परीक्षण सुविधाओं के लिए 1 करोड़ रुपये तक सहायता और इसरो, इन-स्पेस और आईएसओ प्रमाणन के लिए 75 प्रतिशत प्रतिपूर्ति (अधिकतम 10 लाख रूपये) का प्रावधान किया गया है। डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव और इनक्यूबेशन सुविधाओं के लिए भी विशेष प्रोत्साहन दिए जाएंगे।



### कौशल विकास से तैयार होगा भविष्य का कार्यबल

स्पेसटेक सेक्टर में योग्य मानव संसाधन तैयार करने के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों में विशेष पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इसके लिए 20 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जाएगा। छात्रों को 6 माह तक 10 हजार रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड के साथ इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे। साथ ही कर्मचारियों के कौशल उन्नयन के लिए 50 हजार रुपये तक सहायता और शोधकर्ताओं के लिए स्पेसटेक फेलोशिप का भी प्रावधान किया गया है। महिला उद्यमियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन भी मिलेगा। स्पेस सिस्टम एवं एप्लीकेशन पार्क, परीक्षण प्रयोगशालाएं, क्लीन रूम और हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग आधारित डेटा सेंटर स्थापित किए जाएंगे। परीक्षण सुविधाओं के लिए 15 करोड़ रुपये तक अनुदान और स्टार्ट-अप एवं एमएसएमई को परीक्षण लागत पर 30 प्रतिशत तक प्रतिपूर्ति भी दी जाएगी।

### विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को मिलेगा बढ़ावा

स्पेसटेक के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए 'अंतरिक्ष विहार' स्पेस एक्सप्लोरेशन पार्क स्थापित किया जाएगा। 'मिशन कल्पना' में स्कूल विद्यार्थियों में नवाचार को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसरो के युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम (युविका) में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सहयोग दिया जाएगा और चयनित विद्यार्थियों को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। नीति के क्रियान्वयन के लिए एमपीएमईडीसी को नोडल एजेंसी बनाया गया है। निवेशकों और स्टार्टअप्स को सिंगल विंडो क्लीयरेंस, ऑनलाइन पंजीयन और सरल प्रक्रियाओं के माध्यम से सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्पेसटेक नीति-2026 प्रदेश में निवेश आकर्षित करने, उद्योगों को नई गति देने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# नीतीश कुमार का जेडीयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना है तय 24 को हो सकती है घोषणा



**पटना।** जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा है कि नीतीश कुमार का पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना तय है और 24 मार्च को इसकी घोषणा की जाएगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक रविवार तक नामांकन भरने की आखिरी तारीख है। 24 मार्च को नाम वापस लेने की डेडलाइन है। अगर कोई और नामांकन नहीं आया तो 24 मार्च को ही निर्विरोध चुनाव की घोषणा होगी। जानकारी के मुताबिक स्क्रूटनी 23 मार्च को होगी। अगर जरूरत पड़ी तो 27 मार्च को वोटिंग कराई जाएगी। बता दें यह नीतीश कुमार का चौथा या पांचवां टर्म होगा। राज्यसभा सांसद चुने जाने के बाद वे राष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा सक्रिय रहेंगे। संजय झा ने कहा कि नीतीश कुमार पार्टी और सरकार दोनों को गाइड करेंगे। यहां यह भी बता दें कि बिहार में समृद्धि यात्रा जारी है, लेकिन अब फोकस राष्ट्रीय राजनीति पर शिफ्ट हो रहा है। वहीं। बीते आठ मार्च को जदयू में विधिवत रूप से शामिल हुए सीएम नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार को लेकर संजय झा ने और भी बड़ा बयान दिया है। झा ने कहा कि निशांत कुमार बहुत जल्द सरकार और संगठन दोनों में अहम जिम्मेदारी संभालेंगे। युवा नेताओं और कार्यकर्ताओं में उनकी अच्छी पॉपुलैरिटी है। नई बिहार सरकार में वे कैबिनेट का हिस्सा बन सकते हैं। जेडीयू नेता अब खुलकर कह रहे हैं कि निशांत पिता के विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे और पार्टी में उनका रोल जल्द तय होगा। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद बिहार में नया मुख्यमंत्री बन सकता है और निशांत को डिप्टी सीएम या मंत्री जैसी बड़ी जिम्मेदारी मिलने की चर्चा तेज है। ऐसे में साफ है कि संजय झा का यह बयान बिहार की राजनीति में नया टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है। नीतीश राष्ट्रीय अध्यक्ष बनकर केंद्र की राजनीति पर फोकस करेंगे, जबकि निशांत राज्य स्तर पर पार्टी को मजबूत करेंगे। जेडीयू कार्यकर्ता इस फैसले से खुश हैं और 24 मार्च का इंतजार अब खत्म होने वाला है।

इस पूरे घटनाक्रम पर राजनीति के जानकारों का मानना है कि अगर नीतीश कुमार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते हैं, तो वे एक साथ संगठन और सत्ता दोनों पर अपनी पकड़ मजबूत कर लेंगे। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बीच संजय झा के मुताबिक पिछले कुछ समय से निशांत सार्वजनिक रूप से सक्रिय हैं और पार्टी से जुड़े कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी बढ़ी है। ऐसे में जेडीयू के अंदर इसे नेतृत्व की अगली पीढ़ी के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे में आने वाले दिनों में यह देखना होगा कि यह बदलाव बिहार की राजनीति और एनडीए के अंदर की राजनीति पर क्या असर डालते हैं।

# पश्चिम एशिया संकट पर पीएम मोदी ने की हाई लेवल मीटिंग



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और युद्ध की बीच प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। कहा जा रहा है कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा संकट से निपटना और भारत में तेल, गैस और उर्वरक की सप्लाई आपूर्ति सुनिश्चित करना था। इस बैठक में अमित शाह राजनाथ समेत पेट्रोलियम मंत्री भी शामिल रहे। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी भी इस बैठक में शामिल रहे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है। उपभोक्ता और उद्योग हितों की रक्षा के लिए सरकार वैश्विक घटनाक्रमों पर लगातार नजर रख रही है।

# दिल्ली-यूपी सहित 12 राज्यों में बारिश और तूफान का अलर्ट हुआ जारी



**नई दिल्ली।** मार्च के महीने में जहां आमतौर पर भीषण गर्मी की शुरुआत हो जाती है, इस बार मौसम का बिल्कुल उलट रूप देखने को मिल रहा है। उत्तर और पश्चिमी भारत के कई हिस्सों में अचानक बढ़ी ठंड ने लोगों को हैरान कर दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार समेत देश के 12 राज्यों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। पूर्वी भारत में तो हवाओं की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। राजधानी दिल्ली में रविवार को भी हल्की बारिश और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है।


शनिवार को दिल्ली ने पिछले छह वर्षों में मार्च का सबसे ठंडा दिन देखा, जहां न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री गिरकर 13 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि अधिकतम तापमान में थोड़ी वृद्धि दर्ज की गई, लेकिन ठंडी हवाओं के कारण कनकनी बनी रही। पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी मध्यम बारिश और बर्फबारी का दौर जारी है। हिमाचल के ऊंचाई वाले इलाकों में पिछले पांच दिनों से हो रहे हिमपात ने तापमान में भारी गिरावट ला दी है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज और गोरखपुर समेत कई जिलों में रविवार को भी बादल छाए रहने और बारिश होने की संभावना है। शनिवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग 8 डिग्री कम दर्ज किया गया। वहीं बिहार के पटना, मुजफ्फरपुर और गया सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है। राजस्थान में भी पश्चिमी विक्षोभ के असर से जोधपुर और बीकानेर संभाग में धूल भरी आंधी और छिटपुट वर्षा के आसार बने हुए हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस बेमौसम बारिश और पहाड़ों पर बर्फबारी की मुख्य वजह सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ है। इसके चलते तापमान सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस तक नीचे बना हुआ है। पश्चिम बंगाल, सिक्किम और ओडिशा जैसे राज्यों में भी तेज हवाओं के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग का मानना है कि सोमवार तक गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का यह सिलसिला जारी रह सकता है, जिससे मार्च के अंत तक मौसम सुहावना बना रहेगा।

# पश्चिम बंगाल चुनाव के लिये सुरक्षा के हैं कड़े इंतजाम

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं और चुनाव आयोग ने निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। पूरे राज्य में केंद्रीय बलों की व्यापक तैनाती की जा रही है और चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों के साथ तालमेल मजबूत करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय में लगातार बैठकों का दौर जारी है। रविवार को भी बलों की तैनाती को लेकर एक आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी मतदान केंद्र पर यदि वेबकास्टिंग 30 मिनट से अधिक समय तक बाधित रहती है तो वहां दोबारा मतदान कराया जाएगा।

इस सख्त निर्देश का उद्देश्य मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखना और किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकना है। चुनावों की औपचारिक घोषणा से पहले ही केंद्रीय बलों की 480 कंपनियां

### वेबकास्टिंग बाधित होने पर होगा पुनर्मतदान



राज्य में पहुंच चुकी हैं और फिलहाल गश्ती अभियान जारी है। सूत्रों के अनुसार, चरणबद्ध तरीके से करीब 2,000 और कंपनियां राज्य में तैनात की जाएंगी, जिससे कुल केंद्रीय बलों की संख्या लगभग ढाई लाख तक पहुंच सकती है। चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही आयोग ने राज्य पुलिस और प्रशासनिक ढांचे में बड़े स्तर पर फेरबदल भी शुरू कर दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्य पुलिस महानिदेशक, कोलकाता पुलिस आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर एकीकृत कमान और नियंत्रण प्रणाली बनाने पर जोर दिया है। यह प्रणाली मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जिला मजिस्ट्रेटों और अन्य एजेंसियों से सीधे जोड़ेगी और चौबीसों घंटे निगरानी सुनिश्चित करेगी। इस बार चुनाव में तकनीक का भी व्यापक उपयोग किया जा रहा है। राज्य के सभी 80,719 मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग की व्यवस्था होगी और लगभग दो लाख सीसीटीवी कैमरों व वेबकैम के जरिए निगरानी की जाएगी। जरूरत पड़ने पर ड्रोन भी तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा फ्लाइंग स्क्वाड और क्विक रिस्पॉन्स टीमों के वाहनों में 360 डिग्री कैमरों से लाइव स्ट्रीमिंग होगी, जबकि केंद्रीय बलों के जवानों को बॉडी-वॉर्न कैमरे दिए जाएंगे।

# सरकार ने गैस वितरण कंपनियों को दिए निर्देश, एलपीजी पर भी लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत में गैस संकट की आशंका गहराने लगी थी। लेकिन अब केंद्र सरकार ने हालात संभालने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। सरकार का कहना है कि देश में ईंधन की सप्लाई को स्थिर रखने और आम लोगों पर असर कम करने के लिए व्यापक रणनीति लागू की जा रही है। सरकार ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे होटल, रेस्तरां और कैंटीन जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पीएनजी कनेक्शन देने को प्राथमिकता दें। इसका मकसद कमर्शियल एलपीजी पर दबाव कम करना है, ताकि गैस की उपलब्धता बनी रहे और बाजार में संतुलन कायम रहे। सरकार ने गैस इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े सभी लंबित कामों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। केंद्र और राज्य सरकारों को मंजूरी प्रक्रिया तेज करने को कहा गया है। साथ ही सरकारी दफ्तरों, कॉलोनियों और कैंटीनों को भी पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।




### मंत्रिमंडल विस्तार
### राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का आज से 3 दिन तक होगा आयोजन

# धामी कैबिनेट विस्तार के बाद अब विभाग होंगे आवंटित

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंत्रिमंडल का विस्तार कर लंबे समय से चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया है, लेकिन इसके साथ ही राज्य की राजनीति में नई हलचल तेज हो गई है। अब सबसे अहम चरण मंत्रियों के बीच विभागों के बंटवारे का है, जिस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। सत्ता के गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि मुख्यमंत्री किस मंत्री को कौन सा विभाग सौंपते हैं, क्योंकि यही फैसला सरकार के भीतर उनके प्रभाव और राजनीतिक कद को तय करेगा। विभागों का बंटवारा यह स्पष्ट करेगा कि कौन मंत्री प्रभावशाली भूमिका में रहेगा और किसे सीमित दायरे में काम करना होगा। सरकार और संगठन में मंत्रियों की अहमियत का आकलन उनके पास मौजूद विभागों के आधार पर किया जाता है। पर्यटन, ऊर्जा, लोक निर्माण, शहरी विकास, समाज कल्याण, ग्राम्य विकास, आवास, गृह, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, परिवहन और शिक्षा जैसे विभागों को हमेशा से हाईप्रोफाइल माना जाता रहा है। इन विभागों की जिम्मेदारी संभालने वाले मंत्रियों को स्वाभाविक रूप से मजबूत और प्रभावशाली माना जाता है। फिलहाल इन प्रमुख विभागों का जिम्मा पुराने मंत्रियों के पास ही है। वर्ष 2023 में कैबिनेट मंत्री चंदनराम दास के निधन और मार्च 2025 में



प्रेमचंद अग्रवाल के इस्तीफे के बाद उनके कई विभाग मुख्यमंत्री के पास ही हैं। हाल ही में मंत्रिमंडल में शामिल मदन कौशिक और खजान दास पहले भी कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं, जबकि भरत सिंह चौधरी, प्रदीप बत्रा और राम सिंह कैड़ा को पहली बार यह जिम्मेदारी मिली है। ऐसे में सभी नए और पुराने मंत्रियों की नजर अहम विभागों पर है। मुख्यमंत्री के सामने सबसे बड़ी चुनौती नए और अनुभवी चेहरों के बीच संतुलन बनाने की है, ताकि प्रशासनिक कार्यकुशलता के साथ-साथ स्पष्ट राजनीतिक संदेश भी दिया जा सके।

खासकर 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह फैसला और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। इसी बीच धामी सरकार के चार साल पूरे होने के अवसर पर 23 से 25 मार्च तक राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में विभागीय शिविरों के साथ सांस्कृतिक आयोजन भी शामिल होंगे। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सभी जिलाधिकारियों को इसके लिए आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं।

सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही पुराने मंत्रियों के विभागों में फेरबदल की संभावना भी जताई जा रही है। पिछले चार वर्षों से काम कर रहे मंत्रियों के प्रदर्शन की समीक्षा के बाद कुछ के विभाग बदले जा सकते हैं, जबकि कुछ को नए दायित्व भी दिए जा सकते हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने उत्तराखंड की राजनीति में उत्सुकता और सरगर्मी दोनों बढ़ा दी है।

जनता नगर नयागांव में विधायक सामुदायिक भवन, पेवर ब्लॉक एवं बाउण्ड्रीवॉल का भूमिपूजन संपन्न

# विधायक सामुदायिक भवन है आमजन की संपत्ति : कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप




**रतलाम।** विधायक सामुदायिक भवन आमजन की संपत्ति है, नागरिकों के मांगलिक व अन्य कार्यक्रम अपने ही क्षेत्र में संपादित हो इस हेतु विधायक सामुदायिक का निर्माण किया जा रहा है ताकि नागरिकों को सुविधा हो। उक्त उद्गार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री एवं विधायक रतलाम शहर माननीय चेतन्य काश्यप ने वार्ड क्रमांक 7 स्थित जनता नगर नयागांव में विधायक एवं निगम निधि से 51 लाख की लागत से विधायक सामुदायिक भवन, पेवर ब्लॉक तथा वाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य के भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होने इस अवसर पर महापौर प्रहलाद पटेल व निगम परिषद की प्रशंसा करते हुए कहा कि निगम परिशद ने अपने कार्यकाल में 300 करोड़ से अधिक के विकास कार्य कर इतिहास रचा है, विकास का यह क्रम रुकेगा नहीं। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर कहा कि जिस आशा व विश्वास के साथ नागरिकों ने हमें चुनकर भेजा है। यही आशा व विश्वास हमें विकास कार्य करने की शक्ति प्रदान करता है। इस क्षेत्र की वर्षो पुरानी मांग आज पूरी होने जा रही है। विधायक सामुदायिक भवन का निर्माण पूर्ण होने पर नागरिक अपने छोटे-मोटे मांगलिक व अन्य कार्यक्रम पूर्ण कर सकेंगे। उन्होने कहा कि नगर निगम तो अपना कार्य कर ही रही है नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे अपने शहर को साफ-स्वच्छ रखने में अपना पूर्ण योगदान दें, स्वच्छता निरंतर चलने वाला कार्य है इसे अपनी आदत में शामिल करें। निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि रतलाम नगर के चंहूमुखी विकास के लिये निगम परिषद कटिबद्ध है, नगर का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां विकास कार्य नहीं हो रहे है, शहर की दशा-दिशा दिन प्रतिदिन बदलती जा रही है व रतलाम नगर से महानगर की ओर बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती देव पुरोहित ने इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन देते हुए विधायक सामुदायिक भवन, पेवर ब्लॉक तथा बाउण्ड्रीवॉल निर्माण की जानकारी से अवगत कराते हुए क्षेत्र को सामुदायिक भवन की सौगात देने पर आभार व्यक्त किया। प्रारंभ में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री माननीय चेतन्य जी काश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, मंडल अध्यक्ष श्रीमती सोना शर्मा, मयूर पुरोहित, नन्दकिशोर पवांर, श्रीमती अनिता कटारिया, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती देवपुरोहित, महापौर परिषद सदस्य धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, पार्षद श्रीमती अनिता वसावा, श्रीमती अनिता वसावा, प्रदीप राव सहित क्षेत्रिय नागरिकों ने विधायक सामुदायिक भवन, पेवर ब्लॉक तथा बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधिवत पूजा-अर्चना कर किया।

# पद्मश्री डॉ सुभाष पालेकर का चार दिवसीय शिविर 28 से लगेगा जावद में

**समय जगत, भोपाल।** प्राकृतिक कृषि के अग्रणी विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ सुभाष पालेकर का 4 दिवसीय ज्ञान यज्ञ शिविर 28 मार्च से 31 मार्च तक नीमच जिले के जावद में आयोजित होगा। बताया गया है कि ग्रामीण कृषि अर्थ व्यवस्था को कैसे संपूर्ण आत्मनिर्भर बनाएं और उसके माध्यम से देश को कैसे आत्मनिर्भरता की ओर ले जाएं इस पर इस शिविर में गहन चर्चा होगी।

प्रचलित गौ आधारित खेती, रासायनिक खेती, जैविक खेती,वैदिक कृषि, यौगिक कृषि, प्राकृतिक खेती के बारे में गहन विचार-विमर्श किया जायेगा। सुभाष पालेकर कृषि से एक देशी गौमाता से एवं देशी बीजों से दस से तीस एकड खेती बिना कोई खाद डाले बिना कोई दवा छिड़काव,दस प्रतिशत पानी में, बिना उपज घटे, जहर मुक्त हर खरीफ- रबी फसलें जैसे गन्ना, धान गेहूं सरसों सब्जियां कपास मूंगफली अरहर सोयाबीन मूंग उड़द चना अलसी और पालेकर फूड फॉरेस्ट पंच स्तरीय बागवानी मॉडल कैसे लेना है? इस पर पूरे विस्तार से चर्चा होगी। किसान परिवार की आर्थिक आत्मनिर्भरता और जहरमुक्त भोजन आत्मनिर्भयता एक एकड़ पालेकर फूड फॉरेस्ट पंच स्तरीय बागवानी मॉडल में कैसे प्राप्त करें? चार दिन विस्तार से जानकारी दी जाएगी। हमारे फसलों के दाम निश्चित करें, किसानों के संवैधानिक अधिकार क्या हैं, इस पर भी विस्तार से चर्चा होगी। यह आयोजन वर्तमान विधायक एवं पूर्व मंत्री ओम प्रकाश सकलेचा द्वारा कराया जा रहा है। शिविर में दूसरे राज्यों से और मध्य प्रदेश के अन्य जिलों से शामिल होने के लिए आ रहे किसानों के निवास एवं नाश्ता -भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। यह शिविर स्थल जावद शहर नीमच रेल्वे स्टेशन से 25 किमी, धार से 25 किमी, चितौड़गढ़ से 50 किमी, मन्दसौर से 40 किमी, उदयपुर से 120 किमी, रतलाम से 150 किमी, कोटा से 160 किमी, इन्दौर से 240 किमी, भोपाल से 400 किमी, दूरी पर है, जहां पहुंचने के लिये पर्याप्त साधन उपलब्ध हैं । नीमच रेल्वे स्टेशन हैदराबाद से अकोला होते हुए आने वाली रेलवे ट्रेन आगे खंडवा, बड़वाह, महू, इंदौर, रतलाम, मंदसौर से होते हुए नीमच पहुंचती हैं, जो आगे चितौड़गढ़ भीलवाड़ा, अजमेर होते हुए जयपुर जाती है। गुजरात राज्य से आने वाली रेलवे ट्रेन सौराष्ट्र से अहमदाबाद. आनंद बड़ोदरा अथवा आनंद से गोधरा, पीपलोद दाहोद. , रतलाम, मंदसौर होते हुए नीमच पहुंचती हैं, जो आगे चितौड़गढ अजमेर होते हुए जयपुर पहुंचती हैं। मध्य प्रदेश में अन्य जिलों से आने वाली रेलवे ट्रेन जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, भोपाल, सीहोर, उज्जैन, रतलाम, मंदसौर होते हुए नीमच पहुंचती हैं। महाराष्ट्र से आने के लिए मुंबई , भुसावल, खंडवा, इन्दौर, रतलाम, मंदसौर, होते हुए ट्रेन नीमच पहुंचती हैं। इसी तरह यहां अन्य स्थानों से पहुंचने के लिये भी सुविधाएं हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कोटेदार की मनमानी से ग्रामीण परेशान



**उचेहरा।** शासकीय उचित मूल्य उचेहरा के उपकेंद्र ईट्ठा खोखर्रा में संचालित खाद्यान वितरण केंद्र में कोटेदार की मनमानी खुले आम सामने आई है। ग्रामीणों का कहना था की के वाई सी के नाम पर कोटेदार अंगूठा तो एडवांस में लगवा लेता है लेकिन जब खाद्यान देने की बारी आती है खाद्यान ही नहीं दिया जाता। ग्रामीणों ने मौके पर यहां तक बताया कि कोटेदार फरवरी ,मार्च और एडवांस में अप्रैल का अंगूठा लगवा लिया और केवल चालू माह यानी मार्च का ही खाद्यान दे रहा था। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो कोटेदार का यह जबाब था कि ऊपर से ही गल्ला नहीं आया ग्रामीणों ने कोटेदार से अपनी बात रखते कहा कि जब ऊपर से गल्ला ही नहीं आया तो पिछले माह और अगले माह का अंगूठा क्यों लगवाया जा रहा है। मौके पर मौजूद कोटेदार से जब इस सम्बन्ध में अपना पक्ष रखने की बात की गई तो उन्होंने कहा कि हमारे अधिकारी एस डी एम हैं मैं उन्हीं के सामने अपनी सारी बातें रखूंगा। यह सुनते ही मौके पर मौजूद ग्रामीण जन काफी आक्रोशित हो गये और पूरी समस्या को मौके से ही एस डी एम को अपनी समस्या सुनाई। ऐसी उम्मीद लगाई जा रही है कि मंगलवार को खाद्यान समस्या के निदान के लिए ग्रामीण जन एस डी एम से मिलेंगे । ग्रामीणों ने कहा कि खाद्यान लेने पर पर्ची नहीं दी जाती और नमक के मनमानी दाम लिए जाते हैं। बहरहाल जब सभी तथ्यों की जांच होगी तभी सारी हकीकत सामने होगी ।

### गणगौर कूलपाती चल समारोह का श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट ने किया स्वागत




**देवकरण झांजा- समय जगत, गुलाना ।** अकोदिया नगर में इन दिनों 16 दिवसीय गणगौर पर्व की धूम मची हुई है प्रतिदिन महिला मंडल द्वारा फुलपाती चल समारोह निकाला जा रहा है। गुरुवार को अग्रवाल समाज अकोदिया एवं माहेश्वरी समाज महिला मंडल द्वारा गणगौर कुलपाति चल समारोह निकाला गया जिसका शिवाजी मार्केट पहुंचने पर श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट अकोदिया एवं महिला मंडल द्वारा स्टॉल लगाकर प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुशील कुमार गेहलोत के नेतृत्व में आइसक्रीम का वितरण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर मीडिया प्रभारी संजय शर्मा, दीपक अग्रवाल, गोलू गुप्ता महिला मंडल नगर अध्यक्ष मीनाक्षी चौरासिया, जिला अध्यक्ष बिंदु सोनी तहसील महामंत्री वर्षा कुशवाह, जिला मीडिया प्रभारी रीना सोनी ममता धाकड़ मेघा खत्री सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित थे।

# भगवान का साथ चाहते हो तो स्वभाव ठीक रखो : प्रेमनारायण जी

## भागवत कथा का हुआ विश्राम, बड़ी तादात में मौजूद रहे भक्त



**सुठालिया।** मनुष्य को अपने स्वभाव के कारण ही सुख दुख होता हे। हम हमारे स्वभाव से मजबूत बनें, दूसरों के प्रति अच्छा स्वभाव रखे काम क्रोध लोभ मोह इनको उल्टा करके देखो। यह उद्गार स्थानीय पीला खाल खेल मैदान पर शुरू हुई संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें सोपान विश्राम दिवस पर कथा प्रवक्ता प्रेम नारायण जी गेहूं खेड़ी वालों ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि सेवा के रास्ते आगे बढ़ाओ तो संत भी मिलेंगे ओर भगवान भी मिलेंगे। जो भगवान ने दिया है, इसी में आपका भला होगा। ज्यादा आस करने की जरूरत नहीं हे। सिर्फ परमात्मा में विश्वास रखो संसार में सुख दुख अता जाता रहेगा लेकिन भगवान का भजन करें।

**संत जैसा स्वभाव बनाओ :** मशीन बिगड़े तो मेकेनिक कैं पास ले जाओ और स्वभाव बिगड़े तो कथा में लाओ ऐसा स्वभाव बनाओ कि राजा हरिश्चंद्र का सब चला गया लेकिन ईमानदारी नहीं गई। स्वभाव में बदलाव करें, परमात्मा से कामना करें कि संत जैसा स्वभाव बने।

उन्होंने कहा कि स्वभाव अच्छा है तो पांडव जंगल में भी ठीक थे और स्वभाव ठीक नहीं था तो दुर्योधन महल में रहकर सुखी नहीं था। वही राम जी वनवास में रहकर सुखी थे लेकिन रावण सोने की लंका में भी सुखी नहीं था। किसी भी स्तर पर रहो लेकिन स्वभाव अच्छा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसार की चिंता मत करो, कर्म पूरा करो फल भगवान पर छोड़ो।

सत्संग में बैठकर जीने की कला सीखो। गुरुदेव में कहा कि एक व्यक्ति को भगवान से जोड़ दो सदा के लिए सुखी हो जायेंगे कोई पात्र व्यक्ति को भगवान से जोड़ दो जीवन का ऐसा लक्ष्य बनाओ किसी का भला हो सके संसार में काम ऐसा करो कि भगवान बुरा न माने। ओर सभी का भला करे। सुनील सरावत मित्र मंडल द्वारा आयोजित कथा का रविवार को विश्राम हुआ। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी कृष्णपाल सिंह मोहन पवार कमल पंवार सहित हजारों की संख्या में भक्त गण मौजूद थे।

# तैलिक साहू समाज द्वारा स्वामी ओंकारानंद सरस्वती का किया गया सम्मान



**इटारसी।** नगर के द्वारकाधीश मंदिर परिसर में 63 वें वर्ष में चल रही श्री रामकथा के प्रवचन कर्ता श्रीमद् प्रयाग पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारामानंद सरस्वती जी महाराज का सम्मान तैलिक साहू समाज की ओर से श्रीमती लक्ष्मीबाई कोदूलाल साहू चूनावाला चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश के साहू एडवोकेट,प्रदेश महिला अध्यक्ष सविता आर साहू, प्रदेश के मार्गदर्शक गौरी शंकर साहू जिला अध्यक्ष विक्रांत बड़कुल,नगर अध्यक्ष महेंद्र साहू, श्रीराम जन्म महोत्सव समिति के सहकोषाध्यक्ष अमित सेठ दरबार पान, पूर्व नगर अध्यक्ष रमेश साहू ,महेश साहू मुहरी,जिला युवा अध्यक्ष अभिषेक साहू, कोषाध्यक्ष भोले शंकर साहूजमानी, नगर युवा अध्यक्ष शुभम बसंत साहू,नरेश साहू,रमेश साहू ,धनराज.साहू , राजेश हुकुमचंद साहू, मनोहर साहू एवं दिनेश साहू बाईखेड़ी, चिमन साहू सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

धर्म संवाहक स्वामी ओंकारानंद सरस्वती का सम्मान श्रीफल माला, अंग वस्त्र, और सम्मानपत्र से राष्ट्रीय, प्रादेशिक, जिला ,एवं नगर साहू समाज सहित कर्मा शक्ति संगम द्वारा किया गया। तैलिक साहू समाज द्वारा श्री राम जन्म महोत्सव समिति के संरक्षक प्रमोद पगारे एवं अध्यक्ष डॉ नीरज जैन का आभार व्यक्त किया गया।

# जल संचय के लिये चलाया जाये जन जागरुकता अभियानः ज्ञानेंद्र सिंह



**उचेहरा।** जिला पंचायत सभापति ज्ञानेंद्र सिंह ( ज्ञानू) ने जल संकट को दूर करने जन जागरुकता अभियान चलाये जाने की बात कही है। आगे उन्होंने कहा कि जल है तो कल है बर्षा के जल को व्यर्थ बहने से रोकने अभी से सभी पंचायतों में कार्य योजना बनानी होगी, तभी बहते जल का संचय किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि विक्रम संवत के पहले दिन से आने वाले 100 दिनों तक हमें अपने- अपने क्षेत्रों में उन जमीनी संरचनाओं को पुनर्जीवित करना है जो बारिस के पानी को व्यर्थ बहने से रोकें। 100 दिनों तक चलने वाले इस अभियान की शुरुआत 19 मार्च को जनपद की सोहावल की ग्राम पंचायत के बाबूपुर से हो चुकी है। हमे भी इस तरह का प्रयास करना चाहिए। बारिस के पानी को संरक्षित करने की बात जिले के प्रत्येक जागरूक नागरिक के मन से निकल कर उसके आस पास की उन संरचनाओं पर जानी चाहिए जो व्यर्थ बहे जा रहे पानी को रोक सके। इसके लिए प्रमुखतया तीन उपाय किए जाने चाहिए। सर्वप्रथम बारिस के पानी को अपने घरों के आसपास रोकें। घर के पास एक गड्ढा खोदें और उसे कंकड़, रेत और बजरी की परतों से भर दें। पाइप को छत से इस गड्ढे तक लाएं ताकि पानी रिसकर भूजल में मिल जाए। दूसरा गांव के बाहर यदि नदी-नाले और तालाब पूर्व से मौजूद हैं तब उनकी साफ सफाई कर बारिस का पानी लानें के रास्ते बनाएं।

यह भी देखें कि जिस बारिस के पानी को रोकनें की हम योजना बना रहे हैं वह जलाशय से निकल तो नहीं जाएगा। मतलब बारिस प्रारम्भ होंने के पहले उसकी मरम्मत कर लें और भविष्य की किसी अनहोनी के प्रति सचेत भी रहें। तीसरा खासकर यह जल संवर्धन से जुड़ी सरकारी एजेंसियों के लिए है। बारिस के पानी को बहने से रोकने के लिए पूर्व से निर्मित स्टॉप डैम, छोटे - बड़े सरोवर, पेयजल की दृष्टि से नदियों में पानी को रोकने तैयार की गई।

# क्रिकेट लीग के मंच से गूंजा विद्रोह-ग्राउंड नहीं तो वोट नहीं, खिलाड़ियों ने जताया नेताओं के प्रति आक्रोश



**समय जगत, नटेरन।** नटेरन मुख्यालय पर युवाओं द्वारा आयोजित एक दिवसीय घरेलू क्रिकेट लीग महज एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सिस्टम के खिलाफ आक्रोश का मंच बन गई। प्रतियोगिता के दौरान क्षेत्र भर से जुटे सैकड़ों खिलाड़ियों और युवाओं ने खेल मैदान के अभाव पर गहरी नाराजगी जताते हुए आगामी चुनाव में सत्ताधारी दल के बहिष्कार का सामूहिक संकल्प लिया।

**खलिहानों में चौके-छक्के, प्रशासन हो सक्रियः** हैरानी की बात है कि जहां प्रदेश और केंद्र सरकार खेल सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं नटेरन में तहसील है, जनपद कार्यालय है, एसडीएम कार्यालय से लेकर दर्जनों सरकारी कार्यालय हैं लेकिन यहां के युवा आज भी खलिहानों को साफ कर वहां खेल खेलने को मजबूर हैं। इसी लीग के दौरान युवाओं ने हुंकार भरी कि वर्षों की मांग के बाद डेढ़ करोड़ की राशि स्वीकृत होने के बावजूद प्रशासन की उदासीनता के कारण ग्राउंड का काम अधर में लटका है।

**भाजपा के गढ़ में चुनाव बहिष्कार की चेतावनीः** घरेलू लीग में सम्मिलित खिलाड़ियों ने एक स्वर में कहा कि नटेरन क्षेत्र भाजपा का मजबूत गढ़ है और केंद्र से लेकर प्रदेश तक भाजपा की सरकार है, फिर भी युवाओं को उनके हक से वंचित रखा जा रहा है। खिलाड़ियों ने कड़ा संदेश देते हुए कहा अगर इस 5 साल के भीतर हमें हमारा हक (खेल मैदान) नहीं मिला, तो हम सभी खिलाड़ी मिलकर अगले चुनाव में भाजपा का पुरजोर विरोध करेंगे। हम स्वयं वोट नहीं करेंगे और अपने परिजनों सहित क्षेत्र की जनता को भी वोट न देने के लिए प्रेरित करेंगे। लोकेशन को लेकर भी कड़े तेवर मैच के बाद हुई सभा में युवाओं ने स्पष्ट किया कि खेल ग्राउंड गांव के नजदीक ही बनना चाहिए। यदि प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने के लिए नटेरन से काफी दूर या अनुपयोगी जगह पर आनन-फानन में मैदान बनाया, तो युवा उसे स्वीकार नहीं करेंगे और उग्र आंदोलन करेंगे। स्वीकृत 1.5 करोड़ की राशि से तत्काल निर्माण कार्य शुरू हो। मैदान का चयन गांव की सीमा के नजदीक और खिलाड़ियों की सुलभता के आधार पर हो। प्रशासनिक देरी को समाप्त कर समय सीमा में प्रोजेक्ट पूरा किया जाए।

# किडनी ट्रांसप्लांट के लिए लगाई आर्थिक मदद की गुहार



**नरसिंहगढ़।** नगर के चम्पी मोहल्ला निवासी सचिन गौतम की गंभीर बीमारी के चलते परिवार ने समाज से आर्थिक सहयोग की अपील की है। सचिन गौतम (25 वर्ष) की दोनों किडनियां फेल हो चुकी हैं और वर्तमान में उनका इलाज एम्स भोपाल में जारी है। डॉक्टरों ने जीवन बचाने के लिए जल्द से जल्द किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी है, जिसकी अनुमानित लागत करीब 5 लाख रुपये बताई गई है। बहन सलोनी गौतम के अनुसार पिछले एक वर्ष से सचिन का नियमित डायलिसिस चल रहा है, जिससे उनका स्वास्थ्य काफी कमजोर हो चुका है। इलाज और दवाइयों में परिवार अपनी जमा पूंजी पहले ही खर्च कर चुका है, जिससे अब आर्थिक संकट गहरा गया है। परिवार ने बताया कि मरीज की माताजी शारदा गौतम अपने पुत्र को किडनी दान देने के लिए तैयार हैं और ट्रांसप्लांट भोपाल स्थित एम्स अस्पताल में किया जाना प्रस्तावित है। लेकिन सीमित आय के चलते इतना बड़ा खर्च उठाना परिवार के लिए संभव नहीं हो पा रहा है। परिजनों ने समाजसेवियों एवं आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे अपनी सामर्थ्य अनुसार आर्थिक सहयोग कर मरीज का जीवन बचाने में मदद करें। परिवार का कहना है कि छोटी-छोटी सहायता भी उनके लिए बड़ी उम्मीद बन सकती है।

सहयोग के लिए परिवार द्वारा दिये गए बैंक विवरणः बैंक का नाम-स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अकाउंट नंबर-38065480615 IFSC कोड-SBIN0030071 परिजनों ने अपील की है समाज का उनके लिए अमूल्य है और उनके परिवार के भविष्य के लिए एक नई आशा बन सकता है।

# बरकत ए रमज़ान ईद मुबारक के तहत भामला फाउंडेशन की जानीब से जरूरतमंद लोगों को राशन किट किये वितरित




**सैयद रिजवान अली, मनावर ।** मुंबई के बांद्रा वेस्ट में बरकत ए रमज़ान ईद मुबारक के तहत आशीफ भामला द्वारा भामला फाउंडेशन की जानीब से जरूरतमंद लोगों को राशन किट वितरित किया गया। भामला फाउंडेशन की जानीब से वैसे तो बांद्रा में रमज़ान महीने के तीसो दीन लोगों को राशन दिया जाता है उसके अलावा भायंदर, पालघर, मीरा रोड, अंधेरी, जोगेश्वरी, जैसे इलिकों में भी भामला फाउंडेशन राशन कीट तकसीम करती है। सारा का सारा राशन फाउंडेशन के सदस्य खुद पैकिंग करते हैं और हर सामान सही और ब्रांडेड क्वालिटी वाला इस्तमाल करते हैं और पेकींग करते हैं। जिस में हिंदू मुस्लिम एकता के साथ सभी लोग पैकिंग में जुड़ जाते हैं। भामला फाउंडेशन द्वारा आयोजित रमज़ान कार्यक्रम में शामिल हुए पत्रकार दिलशाद खान बॉलीवुड एक्टर अली गोनी, एक्ट्रेस भारती, मरजिया पठान, अजय एल दुबे, एडवोकेट शाहबाज़ दिलशाद खान, वरुना दिवेकर, नगरसेविका आफरीन मुजफ्फर हुसैन, सहर भामला, मेराज भाई, समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आए हुए मेहमानों के हाथों से जरूरतमंद लोगों को राशन कीट वितरित की गई। बाद में आशीफ भामला ने मेहमानों का पुरजोश सम्मान किया और कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# लूट का पुस्तक मेला, सिर्फ 5 फीसदी की मिल रही छूट, प्रशासन बना मूकदर्शक

**रीवा।** पुस्तक मेला में अभिभावक प्रशासन के सामने लुट रहा है। पहले दुकानों में इन्हें लूटा जाता था। अब प्रशासन ने इन्हें लूटने के लिए ऑडिटोरियम में ही जगह दे दी है। प्रिंट रेट पर ही अधिकांश स्कूलों की किताबें दी जा रही है। हल्ला मचाने पर 5 फीसदी की छूट दी जा रही है। सिर्फ स्टेशनरी में ही रियायत देकर अभिभावकों को खुश करने की कोशिश की जा रही है। अभिभावकों से जो वायदा प्रशासन और शिक्षा विभाग ने किया, उस पर वह खरे नहीं उतर पाए। किताब, कापियों की खरीदी में अब तक अभिभावक दुकानों में जाकर लुट रहे थे। अब प्रशासन ने एक ही छत के नीचे खुलेआम लूटने की व्यवस्था कर दी है। शासन ने सभी जिलों में पुस्तक मेला के आयोजन करने के निर्देश जारी किए हैं। इसी के तहत दो दिवसीय पुस्तक मेला का आयोजन रीवा में भी किया जा रहा है। कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में सभी पुस्तक विक्रेताओं के स्टाल लगे हुए हैं। शिक्षा विभाग ने वाहवाही लूटने के लिए अभिभावकों को भ्रम में रखा। 30 से 50 फीसदी तक की छूट देने का दावा किया। इसी प्रलोभन में आकर अभिभावकों की पहले ही दिन पुस्तक मेला में भीड़ उमड़ पड़ी लेकिन जब किताबें खरीद कर भुगतान किया तो मेला की हकीकत से भी रूबरू हो गए। प्रशासन सिर्फ वाहवाही लूट रहा है लेकिन जनता से जो वायदा किया, उस पर खरा नहीं उतर रहा है। पुस्तक विक्रेता प्रिंट रेट से एक रुपए भी कम नहीं कर रहे हैं। प्रिंट रेट पर ही किताबें दी जा रही है। सिर्फ स्टेशनरी में ही थोड़ी बहुत छूट दी जा रही है। यह मेला कुल मिलाकर जनता को एक ही छत के नीचे मिलजुल कर लूटने के लिए ही आयोजित किया जा रहा है। प्रशासन हर मामले में फेल हुआ है। कोई भी काम प्रशासन का पुख्ता नहीं रहा। इनका किसी पर नियंत्रण नहीं है। एक तरफ जनता गैस एजेंसियों के हाथों लुट रही है। गैस सिलेंडर ब्लैक किए जा रहे हैं। वहींदूसरी तरफ अब किताब काबियों की प्रशासन ने ऑडिटोरियल में ही दुकान खुलवा दी। जहां प्रशासन की आंख के सामने ही महंगी दरों पर किताब, कापियां बेची जा रही है। यहां विरोध और हंगामा करने वाले को छूट दी जाती है, जो सामान्य तौर पर खरीदी करने आते हैं और बिना हल्ला मचाए चले जाते हैं, उन्हें रेट टू रेट ही किताबें बेची जा रही हैं।

अब आप इन किताबों की रेट लिस्ट पर ही नजर डाल लीजिए। पुस्तक मेला में हर किताब का प्रिंट रेट लिखा है। इसके बाद फाइनल रेट भी लिखा हुआ है। यहां किताब कापियां खरीदने आने वाले अभिभावक निराश होकर घर लौट रहे हैं। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग अभिभावकों की उम्मीदों पर फिर खरा नहीं उतर पाए।सबसे बड़ी बात तो यह है कि अभी कई स्कूलों के परीक्षा परिणाम भी जारी नहीं हुए। इसके पहले ही पुस्तक मेला का आयोजन भी शुरू हो गया है। कई अभिभावक अभी रिजल्ट आने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं कई स्कूलों की पुस्तकें अभिभावकों को मिली भी नहीं है। किताबें नहीं मिलने से कई अधूरी खरीदी कर के ही वापस लौट गए। अभी यह मेला एक दिन और चलेगा।

महिला अभिभावक ने बताया कि एक निजी स्कूल में बेटी पढ़ती है। उसी के लिए किताबें लेने आए थे। बाहर और मेला में ज्यादा फर्क नहीं है। सिर्फ 5 फीसदी छूट दे रहे हैं। 2833 की किताब है और हमें सिर्फ 2700 की पड़ी। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से पहले जिला प्रशासन द्वारा अभिभावकों और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए दो दिवसीय जिला स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। यह मेला शहर के कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में लगाया गया, जिसका उद्देश्य था कि विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर पाठ्यपुस्तकें, स्टेशनरी और स्कूल यूनिफॉर्म उपलब्ध कराई जा सके। प्रशासन का कहना है कि इस पहल से अभिभावकों को अलग-अलग दुकानों पर भटकना नहीं पड़ेगा और उन्हें उचित कीमत पर सभी आवश्यक सामग्री मिल सकेगी।हालांकि मेले के पहले ही दिन व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े हो गए। बड़ी संख्या में पहुंचे अभिभावकों ने आरोप लगाया कि जिन छूटों का वादा प्रशासन द्वारा किया गया था, वह जमीन पर दिखाई नहीं दे रहा है। इसके अलावा कई निजी विद्यालयों की किताबें और यूनिफॉर्म भी मेले में उपलब्ध नहीं हैं, जिससे अभिभावकों को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। जिला प्रशासन के निर्देश पर आयोजित इस मेले में लगभग 34 स्टॉल लगाए गए हैं।



## छूट को लेकर विवाद

मेले में पहुंचे कई अभिभावकों ने बताया कि किताबों पर किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जा रही है। उनका कहना है कि दुकानें वही कीमत ले रही हैं जो बाजार में पहले से तय है। कुछ अभिभावकों ने कहा कि कॉपियों और स्टेशनरी पर तो थोड़ी छूट मिल रही है, लेकिन किताबों में कोई रियायत नहीं दी जा रही ।एक अभिभावक ने बताया कि उन्हें बताया गया था कि पुस्तक मेले में किताबें सस्ती मिलेंगी, इसलिए वे यहां आए हैं। लेकिन जब उन्होंने किताबें खरीदीं तो उन्हें बाजार के समान ही कीमत चुकानी पड़ी। उन्होंने कहा कि यदि कोई छूट नहीं है तो मेले का उद्देश्य ही अधूरा रह जाता है।

## सार-समाचार

### फेसबुक दोस्त बनकर महिला से इलाज और नौकरी का झांसा देकर की लाखों रुपये की ठगी

**दतिया।** कोतवाली थाने में रविवार को साइबर ठगी का मामला सामने आया। आरोपियों ने फेसबुक पर दोस्ती कर महिला सुमन भटनागर उम्र 57 साल से इलाज और नौकरी दिलाने का झांसा देकर करीब 18 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुमन भटनागर ने बताया कि 1 मार्च 2025 को उनकी फेसबुक आईडी पर शिवम पुत्र वीरेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। बातचीत बढ़ने के बाद आरोपी ने अपनी मां के इलाज का बहाना बनाकर पहले 20 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए। इसके बाद अलग- अलग वहानों से लगातार रकम मंगाई जाती रही। आरोपी ने कभी मां के इलाज, कभी एक्सीडेंट और कभी बहन की बीमारी का बहाना बनाकर महिला से पैसे लिए। अगस्त 2025 से महिला को बिजली विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा भी दिया गया और करीब साढ़े तीन लाख रुपये ठगे गए। आरोपियों ने टीना मैम नाम की महिला और किसी सर से भी बात कराई थी। महिला को भरोसे में लिया और पैसे ट्रांसफर करवाए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में मामला दर्ज किया है। महिला ने मोबाइल नंबर और लेनदेन के स्क्रीनशॉट के साथ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की पहचान और लोकेशन ट्रेस कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से सतर्क रहें और किसी भी तरह के लालच में आकर पैसे न भेजें यह धोखाधडी हो सकती है।

### नाबालिक से दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपियों को पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार



**समय जगत, रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा श्री शैलेन्द्र सिंह चौहानके निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देहात संदीप मिश्रा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी सिरमौरके नेतृत्वमेंथाना प्रभारी बैकुण्ठपुर उप निरी. घनश्याम मिश्रा एवं उनकी टीम नेने नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले शिक्षक व होटल मैनेजर को 24 घण्टे में गिरफ्तार किया है। मझिगवां शासकीय स्कूल में पीटीआई टीचर सुखदेव सिंह अपने विद्यालय में पढने वाली नाबालिक छात्रा को रीवा में खेल कूद प्रतियोगिता में शामिल होने की झूठी जानकारी देकर अपने साथ रीवा ले गया व वहां होटल के कमरे में ले जाकर नाबालिक छात्रा के साथ छेडछाड करने लगा ।नाबालिक छात्रा होटल के कमरे से भागकर होटल के मैनेजर को घटना बताई होटल के मैनेजर अशोक वाधवानी ने पैसे के लालच में आकर कमरा दिया था तथा पीडिता द्वारा घटना बताने पर पीडिता को डरा धमका कर घर भेज दिया। तब पीडिता अपने घर आकर अपनी माँ को घटना बताई व पापा के घर आने पर दिनांक 20.03.26 को थाना जाकर रिपोर्ट की थी ।पुलिस नें घटना को गंभीरता से लेते हुये आरोपी सुखदेव सिंह व होटल के मैनेजर अशोक वाधवानी को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया है। महत्वपूर्ण भूमिका-उप निरी. घनश्याम मिश्रा, सउनि मनोज बागरी, सउनि ऊषा वर्मा प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र तिवारी आरक्षक आशुतोष मिश्रा, शशांक यादव महिला आरक्षक रंजना त्रिपाठी की सराहनीय भूमिका रही।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे से पूर्व कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**समय जगत, दतिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भांडेर में 24 मार्च को प्रस्तावित किसान सम्मेलन एवं नरवाई तथा पराली प्रबंधन के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा ने भांडेर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल एवं संबंधित व्यवस्थाओं का सघन निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने हेलीपैड का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वानखड़े ने मंडी प्रांगण पहुंचकर मुख्य कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉल लगाए जाने वाले स्थानों का बारीकी से अवलोकन करते हुए अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत मंडी परिसर में अधिकारियों की बैठक आयोजित कर कार्यक्रम से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए सभी तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करें। साथ ही सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**समय जगत, रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 23 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा करेंगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण की भी विभागवार समीक्षा की जायेगी। बैठक में पेयजल व्यवस्था, समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन की तैयारियों, ई-आफिस व्यवस्था तथा एचपीबी टीकाकरण की समीक्षा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं। बैठक में सभी तहसीलदारों को भी जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

## प्रशिक्षण शिविर से सेवादल कार्यकर्ता होंगे सशक्त और सक्रिय: घनश्याम सिंह पूर्व विधायक



**दतिया।** सेवादल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने से जो बौद्धिक दृष्टिकोण व ज्ञान सेवादल कार्यकर्ता प्राप्त करेगा उससे वह पहले से अधिक सशक्त होकर उभरेगा। उक्त विचार सेंवढ़ा के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने रविवार को सेंवढ़ा के रंगमहल गार्डन में कांग्रेस सेवादल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित सेवादल कार्यकर्ताओं को संबोधित कर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सच्चा सिपाही वही हैं जो तकलीफों में भी रहकर आगे बढ़े। शिविर में कार्यकर्ताओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं देने का मेरा प्रयास हैं, फिर भी कोई कमी रह जाए तो मुझे क्षमा करें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक सिंह सांसद राज्यसभा ने ध्वज वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके पश्चात वंदे मातरम का गायन हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया, सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा, कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय महासचिव लालजी मिश्रा, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक सिंह, विशिष्ट अतिथि फूल सिंह बरैया, सिद्धार्थ कुशवाहा व अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता शामिल हुए। सेवादल प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन सोमवार को राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह शामिल होंगे।

### दानपेटी से चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

**दतिया।** दतिया के गुर्जा हनुमान मंदिर में चोरी करने वाले 2 शांतिर चोरों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 24 घंटे में पकड़े गए दान पेटी से नगदी चुराने वाले शांतिर चोर। पकड़े गए चोरों ने अपने नाम रामू दांगी निवासी मलखानपुर और कल्लू यादव निवासी भांडेर होना बताया। पुलिस ने पकड़े गए चोरों के कब्जे से 1800 रुपए की नगदी बरामद की।

## सनातन परंपरा और संस्कृत से ही होगा प्राचीन संस्कृति का संरक्षण : उप मुख्यमंत्री

### संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर का 35 करोड़ रूपये की लागत से होगा निर्माण

**समय जगत, रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने लक्ष्मणबाग में रामानुज संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र संस्कृत ज्ञान के कारण छोटी काशी के रूप में विख्यात रहा है। यहां कई गांव में संस्कृत के स्कूल और कॉलेज वर्षो से संचालित हैं। रामानुज संस्कृत विश्वविद्यालय विन्ध्य में संस्कृत के पुन~स्थापना का केन्द्र बनेगा। सनातन परंपरा और संस्कृत से ही हमारी प्राचीन संस्कृति का संरक्षण होगा। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विश्व गुरू बनने की ओर कदम बढ़ा रहा है आज विश्व में जो भीषण समस्यायें हैं उनका समाधान और विश्वशांति की स्थापना का समर्थ केवल भारत में है। भारत अपने प्राचीन ज्ञान और संस्कृति से दुनिया को नई राह दिखायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य के संस्कृत विद्वानों द्वारा संस्कृत के पठन-पाठन केन्द्र और विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए लंबे समय तक प्रयास किया गया आज सभी का सपना पूरा होने जा रहा है। लक्ष्मणबाग में 35 करोड़ रूपये की लागत से भव्य संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर एक साल में बना दिया जायेगा। इसमें कॉलेज, छात्रावास, पुस्तकालय तथा विद्यार्थियों के निश्शुल्क भोजन , आवास और पढ़ाई की सुविधा रहेगी। यह परिसर संस्कृत को पुन~स्थापित करने में सफल होगा। सुंदर प्राकृतिक वातावरण, गौमाता और चारधाम के देवताओं के विगृह के सान्निध्य में संस्कृत पुष्पित और पल्लवित होगी। रीवा में भौतिक विकास की गाड़ी अब तेजी से दौड़ रही है। मैं अब गौसेवा और आध्यात्मिक क्षेत्र में अपना मन लगाना चाहता हूँ।



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा, हिनौती गौधाम और लक्ष्मणबाग में हजारों गौमाता की सेवा हो रही है। गौमाता के आशिर्वाद से ही विकास के सभी कार्य हो रहे हैं। हमें अपना और मिट्टी का स्वस्थ्य सुधाने के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाना आवश्यक है। गौमाता से प्राप्त गोबर और गोमूत्र से तैयारी खाद से प्राकृतिक खेती करें। सनातन ज्ञान परंपरा और प्राकृतिक खेती से ही हमें विकास और सुख का सही मार्ग मिलेगा। संगोष्ठी में पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय के उज्जैन के कुलगुरू प्रो. शिवशंकर मिश्र ने कहा कि विन्ध्यधारा अत्यंत तेजस्विनी है। इसी धारा पर महर्षि बाल्मीकी ने रामायण, महाकवि बाणभट्ट ने कादंबरी की रचना की है। भारत वर्ष की रक्षा और विकास के लिए हमें वेद, गीता और रामायण की ओर जाना होगा। संगोष्ठी में प्रो. अंजनी प्रसाद पाण्डेय, प्रो. रघुराज तिवारी, प्रो. दिलीप सोनी तथा परिसर प्रभारी डॉ. अनिल मुवेल ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किये। समारोह में जिला रेडक्रास समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, लक्ष्मणबाग के कार्यकारी संचालक तथा एसडीएज हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, श्री सूर्यकांत चौबे, श्री बलभद्र शुक्ल, श्री आरपी तिवारी, श्री जयराम शुक्ला, श्री राजेश पाण्डेय तथा बड़ी संख्या में विद्वानजन उपस्थित रहे।

## गोरगी -महसांव रोड पर दो बाइकों की भीषण टक्कर, 5 लोग घायल, दो की हालत गंभीर

**रीवा।** जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। गोरगी- महसांव रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों बाइकों पर सवार कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों की मदद करते हुए पुलिस को सूचना दी और राहत कार्य शुरू कराया।प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना गुढ़ थाना क्षेत्र के गोरगी महसांव मार्ग पर हुई, जहां तेज रफ्तार में आ रही दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर दूर तक जा गिरे और सभी को गंभीर चोटें आई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए।स्थानीय लोगों ने तुरंत गुढ़ पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। साथ ही 108 एम्बुलेंस और पुलिस की डायल 112 वाहन को भी मौके पर बुलाया गया। घायलों को प्राथमिक सहायता देते हुए तत्काल एम्बुलेंस और पुलिस वाहन की मदद से उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल भेजा गया।संजय गांधी अस्पताल में डॉक्टरों की टीम द्वारा सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार हादसे में घायल पांच लोगों में से दो की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। बाकी घायलों का भी इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइक काफी तेज रफ्तार में थीं, जिसके कारण अचानक सामने आने पर दोनों चालक बाइक को नियंत्रित नहीं कर सके और भीषण टक्कर हो गई। हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे बाद में पुलिस ने व्यवस्थित कराया।गुढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात सुचारु कराया। साथ ही हादसे के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि घायलों की पहचान और घटना से जुड़ी अन्य जानकारी जुटाई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गोरगी महसांव रोड पर अक्सर तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण सड़क हादसे होते रहते हैं। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग पर यातायात नियंत्रण और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और घायलों के स्वास्थ्य में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं क्षेत्र में इस हादसे के बाद लोगों में चिंता का माहौल बना हुआ है।



## आम आदमी पार्टी सोशल मीडिया विंग के जिला समन्वयक बने शिवम

**रीवा।** आम आदमी पार्टी ने संगठन विस्तार और डिजिटल मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिले के 22 वर्षीय युवा सामाजिक कार्यकर्ता शिवम समदरिया पंडित को सोशल मीडिया विंग रीवा का जिला समन्वयक नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से पार्टी में खासतौर पर युवाओं के बीच उत्साह और नई ऊर्जा का संचार हुआ है। जानकारी के अनुसार, शिवम पंडित ग्राम दादर,पोस्ट केंउटी, विधानसभा क्षेत्र सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के निवासी हैं। बेहद कम उम्र में सामाजिक कार्यों और जनसेवा के प्रति सक्रियता ने शिवम को एक अलग पहचान दिलाई है। क्षेत्रीय मुद्दों को उठाने,युवाओं को जागरूक करने और सामाजिक अभियानों में भागीदारी के कारण वे लगातार युवाओं के बीच सक्रिय हैं। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव सिंह परिहार शेरा ने शिवम की नियुक्ति को संगठन के लिए दूरगामी निर्णय बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया जनसंपर्क का सबसे सशक्त माध्यम बन चुका है।



### कमलादेवी त्रिवेदी का निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

**समय जगत, भोपाल।** डॉ. बृज किशोर त्रिवेदी, कौशल किशोर, राम किशोर ,राकेश त्रिवेदी की पूज्य माताजी एवं अशोक त्रिवेदी, सुभाष त्रिवेदी, सुनील त्रिवेदी की ताई जी, सतीश, मनीष, प्रशांत, राहुल, गौरव, सौरभ, कान्हा, अतुल, अमित की पूज्य दादी श्रीमती कमलादेवी त्रिवेदी का रविवार सायंकाल निधन हो गया है, उनकी उम्र 95 साल थी तथा वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं । आज दिनांक 23 मार्च सोमवार को सुबह उनका अंतिम संस्कार जामनेर में संपन्न होगा। उनके निधन पर परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की गई है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोक संतृप्त परिवार को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति दें।



### दतिया डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित हो रहा है अंडर -13 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट

## शिवपुरी एवं ग्वालियर बी के मध्य होगा फाइनल

**समय जगत, दतिया।** दतिया डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-13 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन दो मैच खेले गए जिसमें एक मैच स्थानीय स्टेडियम ग्राउण्ड पर खेला गया और दूसरा मैच भाण्ड़ेर में आयोजित हुआ। दतिया स्टेडियम ग्राउण्ड पर दतिया एवं शिवपुरी के मध्य हुए मैच हुआ जिसमें शिवपुरी की टीम विजेता रही वहीं दूसरा मैच भाण्डेर के खेल ग्राउण्ड पर ग्वालियर (ए) एवं ग्वालियर (बी) टीमों के मध्य खेला गया जिसमें ग्वालियर (बी) टीम विजेता रही। स्थानीय स्टेडियम ग्राउण्ड पर दतिया व शिवपुरी के मैच का वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी कामेश्वर त्रिपाठी एवं हर्ष रामू शर्मा ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया। टॉस शिवपुरी टीम के कप्तान ने जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। दतिया के बल्लेबाजों ने सधी हुई शुरुआत करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए, जिसमें पर्व गुप्ता ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 53, कार्तिक साध्या 25, गगन शर्मा 21 तथा अनुभव ने 20 रनों का योगदान दिया। शिवपुरी की ओर से गेंदबाजी करते हुए ऋषि ने 3, कुशल ने 2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवपुरी की टीम ने 37.3 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 187 रन बना कर दतिया को 7 विकेट से पराजित कर फ़ाइनल में प्रवेश किया। ओपनर बल्लेबाज अर्जुन ने शानदार 62 रन, आहिल खान 41 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। दतिया के दक्षेस, उदय प्रताप, शास्वत ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। इस अवसर पर मोहन सिंह यादव, अनिल लिटौरिया, पंकज भट्ट, आशीष पविया, विशाल श्रीवास्तव, धर्मेंद्र घंगोरिया, संतोष सेन, राघवेन्द्र बुंदेला, सत्यनारायण शास्त्री, अजय प्रताप सिंह, नवीन तिवारी, साहिल कुमार, संजीव दुबे, अनवर अली एवं खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित रहे। वहीं दूसरा मैच भाण्डेर के खेल ग्राउण्ड पर ग्वालियर (ए) एवं ग्वालियर (बी) टीमों के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर ग्वालियर (बी) ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ग्वालियर (बी) ने निर्धारित 35 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाए जिसमें सक्षम श्रीवास्तव के शानदार 58 रन, सर्वर्थ के 20 रनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक में नहीं पहुंचा। ग्वालियर (ए)के गेंदबाज आलोक शर्मा ने 4 विकेट, प्रांजल गौतम ने 2 विकेट प्राप्त किए। ग्वालियर (ए) की टीम 31.1 ओवर में 124 रन बना कर अर्णव श्रीवास्तव की घातक गेंदबाजी के आगे ढेर हो गई। ग्वालियर (ए) के बल्लेबाज वंश खानवार 43 रनों, अर्णव कुमार 28 रनों ने मैच को रोमांचक बनाया पर अपनी टीम को विजय नहीं दिला पाए। इस तरह ग्वालियर (बी) टीम 21 रन से विजय हो कर फाइनल में पहुंच गई।



शिवपुरी व ग्वालियर (बी) के मध्य होगा फाइनल मैच : डीडीसीए के सचिव संतोष लिटौरिया ने बताया कि 23 मार्च 2026 सोमवार से दतिया के स्टेडियम ग्राउण्ड पर शिवपुरी और ग्वालियर (बी) के मध्य दो दिवसीय फाइनल मैच सुबह 9.30 बजे से प्रारम्भ होगा।

## संपादकीय

# कल्याण एवं सृजन के लिये हो शक्ति का उपयोग

इजाराइल और ईरान के युद्ध में बड़े पैमाने पर जन हानि तथा आर्थिक नुकसान के बावजूद युद्ध की यह विभीषिका अभी भी जारी है। संपूर्ण विश्व पर पड़ रहे इस युद्ध के प्रभाव के दृष्टिगत यह समझना जरूरी है कि यह देश अपनी सामरिक क्षमता और आर्थिक संसाधनों के बलबूते अपनी ताकत का एहसास कराना चाहते हैं। माना जा रहा है कि ईरान यह युद्ध जीतने के लिए नहीं बल्कि अपने अस्तित्व को बचाने और दुश्मनों को यह संदेश देने के लिए लड़ रहा है कि उसे पूरी तरह खत्म करना आसान नहीं है। लगातार अपने शीर्ष सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व को खोने के बावजूद ईरान पीछे हटने के बजाय संघर्ष को लंबा खींच रहा है। यह रणनीति युद्ध को महंगा बना दो के सिद्धांत पर आधारित है। यानी अगर दुश्मन को आर्थिक और राजनीतिक रूप से इतना नुकसान हो कि वह खुद ही समझौते की मेज पर आ जाए, तो ईरान अपने लक्ष्य को हासिल मानता है। इस युद्ध का सबसे बड़ा असर ऊर्जा बाजार पर देखने को मिल रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य जो दुनिया के तेल व्यापार का एक बड़ा मार्ग है, अब तनाव का केंद्र बन चुका है। जहाजों पर हमले, तेल की कीमतों में उछाल और गैस सप्लाई में बाधा ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। यूरोप से लेकर एशिया तक ऊर्जा संकट की आशंका बढ़ रही है। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह युद्ध सिर्फ तीन देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर हर उस देश पर पड़ रहा है जो वैश्विक बाजार से जुड़ा हुआ है। इस बीच डोनाल्ड ट्रम्प की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। उन्होंने पहले कई अंतरराष्ट्रीय संघर्षों को रोकने का दावा किया था, लेकिन वर्तमान स्थिति ने उनके नेतृत्व पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। अमेरिका के भीतर भी इस युद्ध को लेकर विरोध बढ़ रहा है। कई सांसद और विश्लेषक मानते हैं कि यह युद्ध अमेरिका के लिए रणनीतिक रूप से लाभदायक नहीं है और इससे उसकी वैश्विक छवि को नुकसान हो रहा है। ट्रम्प द्वारा ईरान से आत्मसमर्पण की मांग करना स्थिति को और जटिल बना रहा है क्योंकि इससे बातचीत के रास्ते संकुचित हो जाते हैं। आज यह विचार किया जाना जरूरी है कि इस जंग को लंबा खींचने से मानव जीवन के लिये खतरा तो बढ़ेगा ही साथ ही भारी आर्थिक नुकसान भी अवश्यंभावी है। इन देशों के पास जो सामर्थ्य या शक्ति है उसका उपयोग चह अपने देश की समृद्धि और खुशहाली के साथ विश्व कल्याण के लिये करें तो यह बेहतर होगा क्यों कि जंग से तो सिर्फ विनाश ही हो सकता है।

# भाजपा ने पश्चिम बंगाल में बिछाई चुनावी बिसात

**नीरज कुमार दुबे**

भाजपा ने सामाजिक समीकरणों पर भी खास ध्यान दिया है। अनुसूचित जाति और जनजाति सीटों पर मजबूत उम्मीदवार उतारकर पार्टी ने अपने आधार को और व्यापक बनाने का प्रयास किया है। उत्तर बंगाल से लेकर दक्षिण तक हर क्षेत्र में संतुलन साधने की रणनीति साफ दिख रही है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पहली और दूसरी सूची जारी कर साफ संकेत दे दिया है कि इस बार वह आधी अधूरी तैयारी के साथ नहीं बल्कि पूरी ताकत, पूरी रणनीति और पूरी आक्रामकता के साथ मैदान में उतरी है। खासतौर पर दूसरी सूची में 111 उम्मीदवारों के नामों पर नजर डालने पर पता चलता है कि एक एक सीट पर गहरे मंथन के बाद उम्मीदवार तय किये गये हैं। हम आपको बता दें कि हिंगलगंज से रेखा पात्रा, खड़दह से कल्याण चक्रवर्ती, सोनारपुर दक्षिण से रूपा गांगुली, मथाभांगा से निसिथ प्रमाणिक, चोपड़ा से शंकर अधिकारी, बैरकपुर से कौस्तव बागची, कमरहाटी से अरूप चौधरी जैसे नाम सीधे चुनावी मुकाबले को और दमदार बना रहे हैं। इसके अलावा एंटाली से प्रियंका तिबरेवाल और मणिकतला से तपस रॉय जैसे उम्मीदवार राजनीतिक समीकरणों को पूरी तरह बदलने की क्षमता रखते हैं। अगर पहली सूची पर नजर डालें तो वहां भी बड़े नामों की भरमार है। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को नंदीग्राम के साथ-साथ भवानीपुर से उतारकर पार्टी ने सीधे ममता बनर्जी को चुनौती दे दी है। दिलीप घोष, स्वपन दासगुप्ता, अग्निमित्रा पाल, रुद्रनील घोष और बंकिम चंद्र घोष जैसे चेहरे इस चुनाव को हाई वोल्टेज बना रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार पार्टी ने सिर्फ चर्चित चेहरों पर नहीं बल्कि जमीनी कार्यकर्ताओं पर भी भरोसा दिखाया है। आउसग्राम से कलिता माजी जैसी साधारण पृष्ठभूमि की कार्यकर्ता को टिकट देना इसी रणनीति का हिस्सा है। इस चुनाव का एक और बड़ा और चौंकाने वाला पहलू है पूर्व पुलिस आयुक्त डॉ. राजेश कुमार का राजनीति में प्रवेश। यह सिर्फ एक उम्मीदवार का नाम नहीं बल्कि भाजपा की रणनीतिक चाल है। डॉ. राजेश कुमार का प्रशासनिक अनुभव, वित्त और प्रबंधन में गहरी समझ और कानून व्यवस्था पर मजबूत पकड़ उन्हें एक अलग ही स्तर का नेता बनाती है। कोलकाता के पुलिस आयुक्त के रूप में उनका कार्यकाल, अपराध जांच विभाग और यातायात सुरक्षा जैसे अहम पदों पर उनकी भूमिका उन्हें आम नेता से अलग पहचान देती है। उनकी छवि एक सख्त लेकिन न्यायप्रिय अधिकारी की रही है। मानव तस्करी के खिलाफ उनकी मुहिम और कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए किए गए काम उन्हें जनता के बीच भरोसेमंद चेहरा बनाते हैं। भाजपा के लिए यह कदम इसलिए भी फायदेमंद है क्योंकि बंगाल में कानून व्यवस्था एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। ऐसे में एक पूर्व शीर्ष पुलिस अधिकारी का चुनावी मैदान में उतरना सीधे तौर पर संदेश देता है कि पार्टी व्यवस्था सुधारने के लिए गंभीर है। राजनीतिक रूप से भी यह दांव गहरा है। डॉ. राजेश कुमार का प्रशासनिक और बौद्धिक कद भाजपा को उस वर्ग में भी मजबूती देगा जो अब तक तटस्थ रहा है। उनकी कानूनी लड़ाइयों ने यह भी साबित किया है कि वह दबाव में झुकने वाले नहीं हैं। यह छवि भाजपा के लिए चुनाव में बड़ी पूंजी साबित हो सकती है। इस चुनाव को और भावनात्मक और विस्फोटक बनाने वाला मुद्दा है आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना। उस दर्दनाक घटना ने पूरे बंगाल को झकझोर दिया था। अब पीड़िता की मां का राजनीति में आने का संकेत यह बता रहा है कि जनता के भीतर गुस्सा अभी ठंडा नहीं हुआ है। महिलाओं का सड़क पर उतरना, रात भर प्रदर्शन करना और न्याय की मांग करना तृणमूल सरकार के खिलाफ एक बड़ा जनमत बना चुका है। माना जा रहा है कि पीड़िता की मां ने भाजपा से पनिहाटी से टिकट मांगा है। भाजपा उन्हें उम्मीदवार बनाने पर विचार कर रही है क्योंकि पार्टी उस जनाक्रोश को राजनीतिक ऊर्जा में बदलने की कोशिश कर रही है। हम आपको बता दें कि पनिहाटी उन 38 सीटों में शामिल है जहां से भाजपा ने अब तक अपने उम्मीदवार घोषित नहीं किये हैं।

इसके अलावा भाजपा ने सामाजिक समीकरणों पर भी खास ध्यान दिया है। अनुसूचित जाति और जनजाति सीटों पर मजबूत उम्मीदवार उतारकर पार्टी ने अपने आधार को और व्यापक बनाने का प्रयास किया है। उत्तर बंगाल से लेकर दक्षिण तक हर क्षेत्र में संतुलन साधने की रणनीति साफ दिख रही है। इसके अलावा भाजपा अपने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, स्थानीय चेहरों को आगे लाने और ममता सरकार के खिलाफ जन असंतोष को वोट में बदलने की रणनीति भी बहुत पहले ही बना चुकी है और उसी के आधार पर चुनाव प्रचार चलाया जायेगा। इसके अलावा, इस बार भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका बदला हुआ दृष्टिकोण है। पिछली बार जहां पार्टी पर बाहरी चेहरों पर ज्यादा भरोसा करने का आरोप लगा था, इस बार उसने जमीनी कार्यकर्ताओं और विचारधारा से जुड़े लोगों को प्राथमिकता दी है। इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा है और संगठन ज्यादा मजबूत नजर आ रहा है। दूसरी तरफ तृणमूल सरकार पर कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा और भ्रष्टाचार जैसे आरोप लगातार भारी पड़ रहे हैं। यही वजह है कि भाजपा पूरे दमखम के साथ यह दावा कर रही है कि इस बार बंगाल में सत्ता परिवर्तन तय है।

# डिजिटल युग में ठगी के बढ़ते जाल से कैसे मिलेगी निजात

## नजरिया

**अपराधी अक्सर विदेशी सर्वर, फर्जी सिम कार्ड और डिजिटल वॉलेट्स का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपा लेते हैं, जिससे जांच और गिरफ्तारी में कठिनाई आती है। यह स्थिति कई स्तरों पर चिंता पैदा करती है। पहला, आम जनता का डिजिटल लेनदेन पर विश्वास कमजोर होता जा रहा है। दूसरा, देश की आर्थिक सुरक्षा पर इसका असर पड़ता है। तीसरा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमता और संसाधनों पर भी प्रश्न उठते हैं। समाधान के लिए बहुस्तरीय रणनीति आवश्यक है। सबसे पहले, साइबर अपराध से निपटने के लिए पुलिस बल को अत्याधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण से लैस करना होगा। दूसरे, बैंकों और डिजिटल पेमेंट कंपनियों को अपनी सुरक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाना होगा। तीसरे, स्कूलों और सामाजिक मंचों के माध्यम से डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि लोग ठगी के नए-नए तरीकों से परिचित हो सकें।**

**सौरभ वार्ष्णेय**

देश की राजधानी दिल्ली आज सिर्फ राजनीतिक और प्रशासनिक केंद्र ही नहीं, बल्कि साइबर और वित्तीय अपराधों का भी बड़ा केंद्र दिखाई दे रही है। प्रतिदिन औसतन 50 लाख रुपये की ठगी के मामलों का सामने आना न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि यह कानून-व्यवस्था और डिजिटल सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह आंकड़े एक दैनिक अखबार में प्रकाशित किये गए हैं जो चौंकाने वाले दिख रहे हैं। वर्ष 2025 में 184 मामले दर्ज किये गए हैं, लगभग 70,64,80,424 रूपये (30 जून तक) तक ठग लिए गये हैं। इससे पिछले वर्ष 2024 में 1,591 मामले दर्ज हुए और 8,17,64,85,471 रूपये ठग लिए गए। आज ठगी से कैसे बचे ? अभी गैस की क्या कमी हुई ठगों ने इस आपदा को अवसर बना लिया। इस डिजिटल युग में ठगी के बढ़ते जाल से कैसे निजात मिलेगी तो विशेषज्ञों का कहना है कि जागरुकता और सतर्कता सावधानी जरूरी है। दिल्ली जैसी राजधानी में दिल्ली पुलिस अच्छा कार्य कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में तकनीक के विस्तार के साथ ठगी के तरीके भी बेहद परिष्कृत हो गए हैं। पहले जहां जेबकतरी और साधारण धोखाधड़ी आम थी, वहीं अब ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, अपडेट के नाम पर ठगी, और निवेश के झांसे जैसे अपराध तेजी से बढ़े हैं। आम नागरिक, विशेषकर बुजुर्ग और डिजिटल रूप से कम जागरूक लोग, इन ठगों का आसान शिकार बन रहे हैं। दिल्ली पुलिस और अन्य एजेंसियां लगातार जागरूकता अभियान चला रही हैं, लेकिन अपराधियों की चतुराई और तकनीकी दक्षता कई बार इन प्रयासों पर भारी पड़ती है। अपराधी अक्सर विदेशी सर्वर, फर्जी सिम कार्ड और डिजिटल वॉलेट्स का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपा लेते हैं, जिससे जांच और गिरफ्तारी में कठिनाई आती है। यह स्थिति कई स्तरों पर चिंता पैदा करती है। पहला, आम जनता का डिजिटल लेनदेन पर विश्वास कमजोर होता जा रहा है। दूसरा, देश की आर्थिक सुरक्षा पर इसका असर पड़ता है। तीसरा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमता और संसाधनों पर भी प्रश्न उठते हैं। समाधान के लिए बहुस्तरीय रणनीति आवश्यक है। सबसे पहले,



साइबर अपराध से निपटने के लिए पुलिस बल को अत्याधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण से लैस करना होगा। दूसरे, बैंकों और डिजिटल पेमेंट कंपनियों को अपनी सुरक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाना होगा। तीसरे, स्कूलों और सामाजिक मंचों के माध्यम से डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि लोग ठगी के नए-नए तरीकों से परिचित हो सकें। इसके अलावा, सरकार को सख्त कानून और त्वरित न्याय व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी, ताकि अपराधियों में डर पैदा हो। साथ ही, आम नागरिकों को भी सतर्क रहना होगा—अनजान कॉल, लिंक या ऑफर पर भरोसा करने से पहले पूरी जांच करना जरूरी है। हाल के महीनों में दिल्ली पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर संयुक्त आयुक्त रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में ऑपरेशन साई-हॉक के तहत दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में बड़े पैमाने पर छापेमारी की गई। इस ऑपरेशन का उद्देश्य उन कॉल सेंटरों और गिरोहों को नेस्तनाबूद करना था जो फर्जी केवाईसी, लॉटरी और निवेश के नाम पर लोगों को लूटते हैं। इस कार्रवाई के बाद साइबर अपराधों की दर में गिरावट दर्ज की गई। अब जांच टीम के विस्तार से इस पकड़ को और मजबूत किया जा सकेगा। यह समझना होगा कि डिजिटल युग में सुरक्षा केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह ठगी का जाल और भी व्यापक रूप ले सकता है, जिससे न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक विश्वास भी प्रभावित होगा। यह आंकडे तो दिल्ली के है देश भर में यह ठगी का आंकडा बड़ा भी हो सकता है। लेकिन सतर्कता सावधानी जरूरी है।

**डिजिटल ठगी से कैसे निजात पाएं:** डिजिटल युग ने जहां हमारी जिंदगी को आसान बनाया है, वहीं ठगों के लिए नए रास्ते भी खोल दिए हैं। आज मोबाइल, इंटरनेट और ऑनलाइन बैंकिंग के बढ़ते उपयोग के साथ डिजिटल ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हर दिन आम लोग अपनी मेहनत की कमाई साइबर अपराधियों के जाल में फंसा रहे हैं। ऐसे में यह सवाल बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि डिजिटल ठगी से कैसे बचा जाए और इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण कैसे हो। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि डिजिटल ठगी केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि जागरूकता की कमी का परिणाम भी है। ठग अक्सर फर्जी कॉल, मैसेज, ईमेल या लिंक के माध्यम से लोगों को भ्रमित करते हैं। आपका बैंक खाता बंद हो जाएगा, केवाईसी अपडेट करें, लॉटरी लगी है—जैसे लालच और डर पैदा करने वाले संदेश लोगों को जल्दी फैसले लेने पर मजबूर कर देते हैं। इसी जल्दबाजी का फायदा अपराधी उठाते हैं।इस समस्या से निजात पाने का पहला और सबसे प्रभावी उपाय है—जागरूकता। आम नागरिकों को यह समझना होगा कि कोई भी बैंक या सरकारी संस्था कभी भी फोन या मैसेज के जरिए पासवर्ड या नहीं मांगती। ऐसे किसी भी अनुरोध को तुरंत नजरअंदाज करना चाहिए। साथ ही, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचना और केवल आधिकारिक वेबसाइट या ऐप का ही उपयोग करना जरूरी है। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है—तकनीकी सुरक्षा। मोबाइल और कंप्यूटर में अपडेटेड एंटीवायरस रखना, मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करना और समय-समय पर पासवर्ड बदलना जरूरी है। दो-स्तरीय सुरक्षा का उपयोग भी ठगी के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकता है।तीसरा, सरकार और संस्थाओं की भूमिका भी बेहद अहम है। साइबर अपराधों पर सख्त कानून, त्वरित कार्रवाई और पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिलना आवश्यक है। साथ ही, पुलिस और साइबर सेल को आधुनिक तकनीक से लैस करना और उनकी क्षमता बढ़ाना समय की मांग है। जन-जागरूकता अभियान भी लगातार चलाए जाने चाहिए, ताकि ग्रामीण और शहरी—दोनों क्षेत्रों में लोग सतर्क रहें।इसके अलावा, यदि कोई व्यक्ति ठगी का शिकार हो जाता है, तो उसे घबराने की बजाय तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। 1930 हेल्पलाइन या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए, ताकि समय रहते पैसे को रोका जा सके। डिजिटल ठगी से लड़ाई केवल सरकार या पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। जब तक हर व्यक्ति सतर्क और जागरूक नहीं होगा, तब तक इस समस्या पर पूरी तरह नियंत्रण संभव नहीं है। डिजिटल सुविधाओं का लाभ उठाते हुए हमें सावधानी और समझदारी भी अपनानी होगी। यही डिजिटल सुरक्षा का मूल मंत्र है और इसी से हम ठगी के इस बढ़ते खतरे से निजात पा सकते हैं।

# जीवन रक्षा का प्रभावी साधन बना मौसम विज्ञान

**प्रो. आरके जैन**

क्षितिज पर अचानक छा जाने वाला घना अंधकार, समुद्र की गर्जन करती लहरें और प्रकृति की अनिश्चित चाल—मौसम का यह स्वरूप केवल परिवर्तन नहीं, बल्कि चेतावनी का संकेत भी है। 23 मार्च 2026 का विश्व मौसम दिवस इसी संकेत को समझकर उसे मानव सुरक्षा में बदलने का सशक्त संदेश देता है। इस वर्ष की थीम आज का अवलोकन, कल की सुरक्षा केवल शब्दों का संयोजन नहीं, बल्कि आधुनिक विज्ञान की वह आधारशिला है जिस पर सुरक्षित भविष्य निर्मित होता है। आज पृथ्वी के हर कोने से एकत्रित होने वाला सूक्ष्म डेटा हमें संभावित खतरों से पहले ही सतर्क कर देता है। यही वजह है कि मौसम विज्ञान अब सिर्फ पूर्वानुमान की सीमा में नहीं, बल्कि जीवन रक्षा के एक प्रभावी और अनिवार्य साधन के रूप में स्थापित हो चुका है। प्रकृति के रहस्यों को जानने की मानव जिज्ञासा ने ही विश्व मौसम दिवस की मजबूत नींव रखी। 23 मार्च 1950 को इसकी औपचारिक शुरुआत एक वैश्विक संगठन के रूप में हुई, जिसने दुनिया के देशों को एक साझा मंच पर जोड़ा। इसका उद्देश्य स्पष्ट और व्यापक था—मौसम, जलवायु और जल संसाधनों को बेहतर ढंग से समझने के लिए सहयोग और सूचनाओं का मुक्त आदान-प्रदान सुनिश्चित करना। समय के साथ यह दिवस केवल औपचारिक आयोजन न रहकर एक प्रभावशाली जागरूकता अभियान बन गया, जो यह संदेश देता है कि प्रकृति को समझे बिना संतुलित विकास संभव नहीं। यह दिन उस ऐतिहासिक निर्णय की याद दिलाता है, जब विश्व ने मौसम विज्ञान को मानव कल्याण का आधार स्वीकार किया। आज मौसम विज्ञान अत्याधुनिक तकनीकों से संचालित एक सशक्त और विस्तृत तंत्र बन चुका है। उपग्रहों की सतत निगरानी, रडार की सटीक प्रणाली, समुद्री उपकरणों की सक्रियता और स्वचालित मौसम केंद्र मिलकर पृथ्वी के हर हिस्से पर नजर रखते हैं। प्रतिदिन एकत्रित विशाल आंकड़ों का विश्लेषण सुपर कंप्यूटर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से किया जाता है। इनसे तैयार पूर्वानुमान केवल मौसम की जानकारी तक सीमित नहीं रहते, बल्कि कृषि, परिवहन, उद्योग और आपदा प्रबंधन को भी स्पष्ट दिशा प्रदान करते हैं। यह तंत्र जितना जटिल है, उतना ही अनिवार्य भी, क्योंकि इसी के माध्यम से अनिश्चित परिस्थितियों को पहले से समझकर उनसे बचाव संभव होता है। आज का अवलोकन, कल की सुरक्षा थीम इस पूरी व्यवस्था का मूल और प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत



करती है। आज किया गया हर मापन और हर अवलोकन भविष्य के संभावित संकटों को टालने का मजबूत आधार बनता है। किसी छोटे गांव में दर्ज तापमान या समुद्र से प्राप्त एक संकेत भी व्यापक प्रभाव डाल सकता है। यह थीम स्पष्ट रूप से बताती है कि अवलोकन केवल वैज्ञानिकों तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। जब किसान मौसम के संकेतों को समझता है या सामान्य नागरिक चेतावनियों पर ध्यान देता है, तब वह भी इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया का सक्रिय हिस्सा बन जाता है। यह थीम विज्ञान और समाज के बीच एक सशक्त और आवश्यक सेतु का निर्माण करती है।

समय पर चेतावनी ही वह शक्ति है, जिसने मौसम विज्ञान को जीवन रक्षक बना दिया है। प्रभावी पूर्व चेतावनी प्रणाली इस अवलोकन प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम है। बीते दशकों में यह सिद्ध हो चुका है कि समय पर दी गई चेतावनी लाखों जानें बचा सकती है। पहले जहां प्राकृतिक आपदाएं अचानक विनाश लेकर आती थीं, वहीं अब उनके आने से पहले ही लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सकता है। इससे न केवल जनहानि कम होती है, बल्कि आर्थिक नुकसान भी नियंत्रित रहता है। आधुनिक तकनीक और सटीक डेटा के कारण अब चक्रवात, बाढ़ और सूखे जैसी घटनाओं का पूर्वानुमान संभव हो गया है। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि सही समय पर सही जानकारी कितनी निर्णायक हो सकती है। निरंतर प्रगति के साथ भारत में मौसम विज्ञान एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभर रहा है। भारत में मौसम विज्ञान का क्षेत्र तेजी से विकसित हुआ है और यह वैश्विक स्तर पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों में स्थापित आधुनिक उपकरण और अनुसंधान केंद्र निरंतर डेटा एकत्र कर रहे हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान किसानों, मछुआरों और आम नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रहे हैं। विशेष रूप से आपदा के समय यह तंत्र जीवन रक्षक बन जाता है। भारत न केवल अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि वैश्विक नेटवर्क में भी सक्रिय योगदान दे रहा है। विश्व मौसम दिवस हमें व्यक्तिगत स्तर पर भी जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देता है। आज के डिजिटल युग में हर व्यक्ति के हाथ में ऐसी तकनीक है, जिसके माध्यम से वह मौसम की जानकारी प्राप्त कर सकता है और दूसरों तक पहुंचा सकता है। यदि हम समय-समय पर मौसम संबंधी चेतावनियों पर ध्यान दें, जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक रहें और प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग करें, तो हम इस वैश्विक प्रयास का हिस्सा बन सकते हैं। यह दिवस हमें यह समझाता है कि सुरक्षित भविष्य केवल सरकारों या वैज्ञानिकों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। समय की मांग को समझने वाला यह दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि सोच बदलने का सशक्त संदेश है—ऐसा दृष्टिकोण जो वर्तमान के ज्ञान को भविष्य की सुरक्षा में बदलने की क्षमता रखता है। विश्व मौसम दिवस हमें याद दिलाता है कि आज का हर अवलोकन आने वाले कल को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। जब विज्ञान, तकनीक और जागरूकता एक साथ जुड़ते हैं, तब ऐसा विश्व संभव होता है जहां आपदाएं भय नहीं, बल्कि तैयारी का संकेत बन जाती हैं। यही इस दिवस का सार है कि हम प्रकृति को समझें, उससे सीखें और उसके साथ संतुलन बनाकर एक सुरक्षित, सशक्त और स्थायी भविष्य की ओर आगे बढ़ें।

# आदिवासी जीवन-दर्शन को मिला 'सुप्रीम' संरक्षण

**गौतम चौधरी**

भारत की जनजातीय पहचान केवल सामाजिक ढांचे का हिस्सा नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक परंपरा है, जो प्रकृति, सामुदायिक जीवन और आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित है। इस बात पर एक बार फिर, भारत के माननीय सार्वोच्च न्यायालय ने मोहर लगा दी है। हाल ही में दिग्भल टंडी बनाम छत्तीसगढ राज्य के एक मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया कि ग्राम सभा का निर्णय सबसे उपर है और उसके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं किया जा सकता है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय ने न केवल एक बहस छेड़ दी है, अपितु आने वाले समय के लिए दिशा निर्देश भी जारी कर दिया है। यह फैसला केवल कानूनी दृष्टि से महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि जनजातीय समाज के दशकों पुराने सांस्कृतिक संघर्षों की मान्यता को भी संपुष्ट करता है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने ग्राम सभाओं द्वारा ईसाई मिशनरियों के प्रवेश पर लगाए गए प्रतिबंधों को उचित ठहराते हुए यह स्पष्ट किया कि यह कदम दमनकारी नहीं, बल्कि एक निवारक उपाय है-जिसका उद्देश्य जनजातीय संस्कृति और सामाजिक अखंडता की रक्षा करना है। यह निर्णय पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 की भावना के अनुरूप है, जो ग्राम सभाओं को अपनी परंपराओं और संसाधनों की रक्षा का अधिकार देता है। यह पहली बार नहीं है जब न्यायपालिका ने धर्मांतरण के प्रश्न पर सीमाएँ निर्धारित की है। वर्ष 1977 के ऐतिहासिक मामले रेव. स्टेनिस्लॉस बनाम मध्य प्रदेश राज्य में भी सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि धर्म प्रचार का अधिकार धर्मांतरण का मौलिक अधिकार नहीं माना जा सकता है। वर्तमान निर्णय इसी संवैधानिक व्याख्या को आगे बढ़ाता है, विशेषकर तब जब धर्मांतरण के पीछे प्रलोभन, धोखे या सेवाओं के दुरुपयोग की आशंका हो। इस संदर्भ में इतिहास की भी थोड़ी जानकारी जरूरी है। भगवान बिरसा मुंडा ने औपनिवेशिक काल में न केवल राजनीतिक शोषण के विरुद्ध संघर्ष किया, बल्कि उन धार्मिक प्रभावों का भी विरोध किया जो आदिवासी संस्कृति को कमजोर कर रहे थे। उनका 'उलगुलान' केवल विद्रोह नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आह्वान था। इसी तरह जतरा टाना भगत ने सामाजिक सुधार और धार्मिक शुद्धता के माध्यम से आदिवासी समाज को अपनी जड़ों की ओर लौटने का संदेश दिया। स्वतंत्र भारत में बाबा कार्तिक उरांव ने संसद के भीतर और बाहर यह चेतावनी दी कि धर्मांतरण आदिवासियों को उनकी मूल पहचान से काट देता है। उनके अनुसार, यह केवल आस्था का परिवर्तन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विघटन की प्रक्रिया है। आधुनिक चिंतन में डॉ. रामदयाल मुंडा ने इस विमर्श को बौद्धिक आधार प्रदान किया। उन्होंने आदिवासी जीवन-दर्शन को प्रकृति के साथ संतुलन, सामूहिकता और सांस्कृतिक आत्मनिर्भरता पर आधारित बताया और बाहरी हस्तक्षेपों के प्रति सजग रहने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. मुंडा बराबर कहते थे, ''जे नाची से बांची''- इसका अर्थ यह है कि जो अपनी संस्कृति में रमा रहेगा वही बचेगा। हालांकि, यह विषय केवल एक पक्षीय नहीं है। एक ओर जहां आदिवासी अस्मिता की रक्षा आवश्यक है, वहीं दूसरी ओर व्यक्तिगत धार्मिक स्वतंत्रता भी संविधान का मूल तत्व है। यही कारण है कि यह निर्णय एक संतुलित दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है-जहाँ व्यक्ति के अधिकार और समुदाय के अधिकार, दोनों को ध्यान में रखा गया है। फिर भी, यह आवश्यक है कि इस प्रकार के प्रतिबंधों का उपयोग मनमाने ढंग से न हो। ग्राम सभाओं की शक्तियाँ जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ संचालित हों, ताकि वे संरक्षण के नाम पर दमन का माध्यम न बनें। साथ ही, राज्य की यह जिम्मेदारी भी बनती है कि शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्र में ऐसी नीतियां बनाए, जो आदिवासी समाज को सशक्त करें, न कि उन्हें बाहरी निर्भरता की ओर धकेलें। अंततः, यह स्पष्ट है कि जनजातीय विरासत का संरक्षण केवल एक सांस्कृतिक मुद्दा नहीं, बल्कि भारत की बहुलतावादी पहचान की रक्षा का प्रश्न है।

# अमर शहीद महिला अंतर्राज्यीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का महाकुंभ

## नेपाल और मध्यप्रदेश और मध्यप्रदेश की धमाकेदार जीत के साथ अमर शहीद टूर्नामेंट का आगाज

**समय जगत, टीकमगढ़।** अमर शहीद टूर्नामेंट सयोजक विनय प्रताप सिंह ने बताया की खेल और महिला सशक्तिकरण के अनूठे संगम के साथ, नगर के ऐतिहासिक नजर बाग प्रांगण में अमर शहीद युवा कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित 11वें अमर शहीद महिला लेदर बॉल टी-20 टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबलों ने ही दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया।

**पहला मैच:** मध्य प्रदेश और नेपाल के मध्य खेला गया जहां पर नेपाल ने पहले टॉस जीत कर बैटिंग का फैसला किया नेपाल ने 15 ओवर में कुल 98/6 बनाया। वहीं पर मध्य प्रदेश ने ये मुकाबला 5 विकेट से जीता मध्य प्रदेश की टॉप स्कोरर शशिकला ने 37 बॉल में 46 रन बनाए और नेपाल को लगातर दूसरी हर का सामना करना पड़ा।

**दूसरा मैच:** नेपाल बनाम दिल्ली के बीच खेला गया जहां पर नेपाल ने टॉस जीत कर बैटिंग का फैसला किया नेपाल ने 15 ओवर में सिर्फ 89/10 बनाए वही पे दिल्ली ने ये मुकाबला 7 ओवर में ही जीत लिया दिल्ली की टॉप स्कोरर डिंपल शेखावत रही जिसने 10 बॉल में 38रन बनाए और नेपाल को लगातर तीसरी बार का सामना करना पड़ा। अमर शहीद टूर्नामेंट संरक्षक बल्देवगढ़ तहसीलदार अनिल गुप्ता ने सभी महिला




खिलाड़ियों दिग्गज खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन समिति की प्रशंसा की बाहर से आई टीमों को शुभकामनायें के साथ शुभकामनायें दी आशीर्वाद के साथ सभी कोचो का आभार किया दूसरे मैच नेपाल और दिल्ली के साथ मैच के दौरान दूसरे मैच के मुख्य अतिथि विवेक चतुर्वेदी ने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया और आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंचों से ही बेटियां देश का नाम रोशन कर रही हैं।

## महावीर जयंती पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा, तैयारियां शुरू



**टीकमगढ़।** महावीर जयंती को लेकर परम पूज्य गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य श्रमण मुनि श्री 108 विकौशल सागर जी महाराज द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि भगवान महावीर के सिद्धांत—अनेकांतवाद, अहिंसा, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य—आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि विश्व में शांति के लिए जियो और जीने दो का सिद्धांत अपनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि डॉक्टर आंबेडकर ने महावीर स्वामी के सिद्धांतों का गहन अध्ययन किया था और लगभग 6 माह तक ग्रंथों का अध्ययन करने के बाद उन्हें अपने जीवन में उतारा। इसके बाद उन्हीं सिद्धांतों को संविधान में भी लागू किया है। इसी कारण संविधान में भगवान महावीर स्वामी का फोटो दिया गया है। महावीर जयंती के अवसर पर पूरे देश में एकरूपता के साथ भजन-कीर्तन, शोभायात्रा और धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। भगवान महावीर की प्रतिमा को रथ में विराजमान कर नगर में भव्य जुलूस निकाला जाएगा। श्रद्धालु अपने-अपने द्वार पर रंगोली सजाकर श्रीजी की आरती एवं मुनि श्री के पाद प्रक्षालन एवं प्रवचन और जगह जगह स्वागत में खाने-पीने की व्यवस्था भी की जाती है।

# महामाई परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन



**समय जगत, सिरोंज।** ग्राम वीरपुर स्थित श्री महामाई माता मंदिर परिसर में रविवार को स्व. श्री लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में भव्य नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति एवं क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ , इस वर्ष में श्री महामाई सेवा समिति द्वारा नवाचार करते हुए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसकी क्षेत्र में व्यापक सराहना की जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ मैया महामाई के चित्र एवं पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों का समिति के द्वारा पुष्पमाला एवं चुनरी ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत किया गया। क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार के कारण बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे जिसमें षिविर का शुभारंभ 11 बजें से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक चलता रहा है जिसमें 500 अधिक मरीजो के द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया और शिविर का लाभ उठाया। शिविर में भोपाल के स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग जिला विदिशा की टीमके द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई, वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल से आये डॉक्टर विजय सक्सेना ने कहा कि इस आयोजन का पूरा श्रेय शर्मा परिवार को जाता है यहां आकर मुझे बहुत अच्छा लगा।

**चिकित्सक दल में प्रमुख रूप से:** डॉ. विजय सक्सेना (मेडिसिन विशेषज्ञ), डॉ. पियूष गोयनका (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. नमन अग्रवाल (न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ), डॉ. रेखा भाटी (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. कविता अग्रवाल (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. कौशिक अधिकारी (नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ), डॉ. दीपक गोयल (नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ), डॉ. मयंक पांडे (अस्थि रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. कुंदन राय (सर्जरी विभाग) सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर की व्यवस्था अत्यंत सुव्यवस्थित रही। सबसे पहले मरीजों का पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) किया गया, इसके उपरांत सभी मरीजों की ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की गई। प्रारंभिक जांच के बाद मरीजों को संबंधित विशेषज्ञ डॉक्टरों के पास परामर्श हेतु भेजा गया। विभागवार अलग-अलग केबिन बनाए गए थे, एवं दूर से आये मरीजो के लिये जल की उचित व्यवस्था भी की गई थी जिससे मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े वही संजीवनी हॉस्पिटल में 50 सोनोग्राफी एवं 5 इको निशुल्क कराये गए। शिविर में ईसीजी जांच, रक्त की विभिन्न प्रकार की जांचें, ब्लड ग्रुप जांच सहित अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। सभी मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया, जिसमे शाम के समय विधायक उमाकांत शर्मा भी शिविर मे पहुंचे वहा चिकित्सकों एवं मरीजों भेंट की इस अवसर पर प्रमुख रूप से रमेश यादव, डॉ. विवेक अग्रवाल, हरी बाबू भार्गव,कैलाश शर्मा, हमीर सिंह यादव सरसिज शर्मा, संजीव माथुर, सतीष श्रीवास्तव सीताराम कुशवाहा, नरेंद्र पाटीदार, अमित त्यागी सहित समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### मोहनगढ़ पुलिस की तत्परता से आरोपी को 315 बोर के देशी कट्टा एवं 2 जिन्दा कारतूस सहित किया गया गिरफ्तार

# अवैध हथियार के खिलाफ अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई प्रभावी कार्यवाही




**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले में अवैध हथियारों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध शस्त्रों के निर्माण, संग्रहण एवं क्रय-विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मोहनगढ़ निरीक्षक कमल सिंह ठाकुर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने दिनांक 21 मार्च 2026 को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 21/03/2026 को कस्बा लिधोरा आम रोड पर दबिश देते हुए आरोपी अरविंद पिता कैलाश चौबे निवासी ग्राम टीला दाँत थाना मोहनगढ़ से 315 बोर का एक अवैध देशी कट्टा एवं 02 जिन्दा कारतूस बरामद किए गए है। इस संबंध में आरोपी के विरुद्ध थाना मोहनगढ़ में अपराध क्रमांक 48/2026, धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**पुलिस टीम की उल्लेखनीय भूमिका:** इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी मोहनगढ़ निरीक्षक कमल सिंह ठाकुर, सउनि संतोष कुमार पांडे, प्रआर. रघुवीर घोष, आरक्षक पुष्पराज, हितेश, प्रशांत, दीपक का सक्रिय योगदान रहा।

## टीकमगढ़: एलपीजी गैस के लिए उपभोक्ता परेशान गैस एजेंसी पर लटका मिला ताला

**टीकमगढ़, मोहसिन अहमद।** जिले में एलपीजी रसोई गैस की किल्लत लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू गैस सिलेंडर के लिए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही। स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब शहर की अमन गैस एजेंसी पर पिछले दो दिनों से ताला लटका हुआ है। एजेंसी बंद होने के कारण उपभोक्ताओं को बिना गैस लिए ही लौटना पड़ रहा है। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग गैस टंकियां लेकर एजेंसी के बाहर पहुंच रहे हैं, लेकिन एजेंसी के बंद होने से उन्हें निराशा हाथ लग रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस की बुकिंग कराने के बाद भी समय पर डिलीवरी नहीं हो रही है। कई




लोगों को मैसेज मिलने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल पा रहा, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है। गैस संकट के चलते घरेलू कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि रसोई गैस के बिना दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से इस समस्या पर कोई ठोस ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गैस आपूर्ति को सुचारु किया जाए और बंद पड़ी एजेंसियों को तत्काल चालू कराया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। फिलहाल, गैस संकट से जूझ रहे लोग जल्द समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## आम आदमी पार्टी द्वारा संगठन विस्तार एवं स्वागत समारोह किया गया संपन्न



**समय जगत, आगर मालवा।** स्थानीय गांधी उपवन कंपनी गार्डन में सभी नवनियुक्त कार्यकर्ता एक साथ इकट्ठे होकर के जितने भी नवनियुक्त पदाधिकारी बने उनको माला पहनकर स्वागत किया गया एवं संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई। इस प्रकार कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे आगर जिले के जिला अध्यक्ष संजय मालवीय एवं ईश्वर अजमेरिया प्रदेश सचिव (एससी) विंग, अजय मालवीय प्रदेश सह सचिव, बद्रीलाल प्रजापति जिला उपाध्यक्ष , होकम सिंह गुर्जर (पप्पू पटेल) जिला संगठन मंत्री , नारायण सिंह बोडाना एडवोकेट जिला अध्यक्ष , दिनेश मालवीय अजा जिला अध्यक्ष ,कमल सिंह जिला सचिव , अमजद भाई अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष, देवीसिंह यादव जिला सह सचिव ,श्याम सिंह तंवर जिला उपाध्यक्ष ,जितेंद्र कुमार, श्यामसिंह राजपूत यूथ विंग जिला अध्यक्ष, शंकर विश्वकर्मा ओबीसी जिला अध्यक्ष, शिवसिंह सोलंकी किसान विंग जिला अध्यक्ष, राहुल गुर्जर जिला मीडिया प्रभारी, मेहरबान सिंह सिसोदिया जिला संगठन मंत्री आदि जानकारी जिला अध्यक्ष संजय मालवीय द्वारा दी।

# आरक्षक ने सीपीआर देकर बचाई व्यक्ति की जान

## मानवता की मिसाल : तत्परता, प्रशिक्षण और संवेदनशीलता से बची एक जिंदगी

**समय जगत, आगर मालवा।** जिला आगर मालवा में पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं को प्राथमिकता देते हुए कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को बड़ौद चौराहा, आगर पर एक सराहनीय घटना सामने आई, जहां ड्यूटी पर तैनात आरक्षक द्वारा तत्परता एवं सूझबूझ से एक व्यक्ति की जान बचाई गई। जब सुबह बड़ौद चौराहे पर सफाईकर्मी महिला द्वारा ड्यूटी पर तैनात आरक्षक योगेंद्र को एक व्यक्ति के बेसुध अवस्था में बैठे होने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही आरक्षक योगेंद्र तत्काल मौके पर पहुंचे और व्यक्ति को संभालने का प्रयास किया, किंतु वह अचानक गिर पड़ा एवं अचेत अवस्था में चला गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आरक्षक योगेंद्र द्वारा बिना समय गंवाए सीपीआर देना प्रारंभ किया गया। साथ ही उन्होंने परिजनों को सूचना दी एवं लगातार सीपीआर देते हुए व्यक्ति को होश में लाने का प्रयास किया गया। तत्पश्चात व्यक्ति को उपचार हेतु तत्काल अस्पताल भिजवाया गया। उक्त व्यक्ति की पहचान नरेंद्र सिंह राजपूत, उम्र 55 वर्ष, निवासी मास्टर कॉलोनी, आगर के रूप में हुई है, जिनकी समय रहते सहायता मिलने से जान बचाई जा सकी।

### प्रशिक्षण का सकारात्मक परिणाम

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक आगर मालवा द्वारा जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सीपीआर एवं प्राथमिक उपचार ;थ्पतेज ।पकद्ध का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस बल को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया हेतु सक्षम बनाया गया है आरक्षक योगेंद्र द्वारा बताया गया कि उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान सीपीआर की विधि को गंभीरता से सीखा था, जिसका उपयोग आज आपात स्थिति में करते हुए एक व्यक्ति की जान बचाई जा सकी।

### जनहितकारी प्रयास जारी

यह घटना दर्शाती है कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जीवन रक्षा जैसे मानवीय कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। आगर मालवा पुलिस द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण एवं जनहितकारी प्रयास जारी रखे जाएंगे।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मैं निकिता पिता उमेश निवासी 853 अजय नगर, शिव मंदिर के पास शाहपुरा हुजूर जिला भोपाल म. प्र. हूँ। मेरा नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश छोटी गोदनिया D/O उमेश गोदनिया दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक सही नाम निकिता (NIKITA) पिता उमेश (UMESH) है जो मेरे शैक्षणिक रिकार्ड में दर्ज होने से प्रमाणित है जिसको मै अपने आधार कार्ड / शासकीय / अशासकीय सभी दस्तावेजों में दर्ज करवाना चाहती हूँ । निकिता (NIKITA) पिता उमेश (UMESH) व छोटी गोदनिया D/O उमेश गोदनिया दोनों नाम एक ही महिला के अर्थात् मेरे स्वयं के ही हैं । प्रकाशन उपरांत मेरा नाम निकिता (NIKITA) पिता उमेश (UMESH) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें ।

पुराना नाम
छोटी गोदनिया D/O उमेश गोदनिया
नया नाम
निकिता (NIKITA) पिता उमेश (UMESH)

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मैं लता बाई मीना पति राजेंद्र मीना निवासी ग्राम गादेर किशोरा जिला गुना म. प्र. हूँ। मेरा नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश ममता बाई मीना (Mamta Bai Meena) दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक सही नाम लता बाई मीना (LATA BAI MEENA) है जो मेरे कक्षा 10वीं की अंकसूची में दर्ज होने से प्रमाणित है जिसको मै अपने आधार कार्ड/शासकीय/अशासकीय सभी दस्तावेजों में दर्ज करवाना चाहती हूँ। लता बाई मीना (LATA BAI MEENA) व ममता बाई मीना (Mamta Bai Meena) दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात् मेरे स्वयं के ही हैं। प्रकाशन उपरांत मेरा नाम लता बाई मीना (LATA BAI MEEN) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें ।

पुराना नाम
ममता बाई मीना (Mamta Bai Meena)
नया नाम
लता बाई मीना (LATA BAI MEENA)

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मैं जोधसाय पिता भजन निवासी वार्ड नं. 01 कच्ची दफाई डुमार कछार भलमुड़ी, सेमरा जिला अनूपपुर म. प्र. हूँ। मेरा नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश बलवंत द्वारा भगन दर्ज हो गया है जो कि गलत । मेरा वास्तविक सही नाम जोधसाय (JODHSAY पिता भजन (BHAJAN) है जो मेरे वोटर आई.डी. कार्ड में दर्ज होने से प्रमाणित है जिसको मै अपने आधार कार्ड / शासकीय / अशासकीय सभी दस्तावेजों में दर्ज करवाना चाहता हूँ। जोधसाय (JODHSAY) पिता भजन (BHAJAN) व बलवंत द्वारा भगन दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात् मेरे स्वयं के ही हैं। प्रकाशन उपरांत मेरा नाम जोधसाय (JODHSAY) पिता भजन (BHAJAN) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें ।

पुराना नाम
बलवंत द्वारा भगन
नया नाम
जोधसाय (JODHSAY) पिता भजन (BHAJAN)

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मेरा नाम विनोद कुमारी पत्नी सुघट सिंह (VINOD KUMARI W/O SUGHARH SINGH) निवासी एम.आई.जी 29, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, इटारसी, जिला नर्मदापुरम, म.प्र. हैं। परंतु मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम बिनोद कुमारी पत्नि सुघड सिंह (BINOD KUMARI W/O SUGHAD SINGH) अंकित हो गया हैं, जो की गलत है मेरा वास्तविक सही नाम मेरे निर्वाचन आयोग कार्ड में भी दर्ज होने से प्रमाणित है । प्रकाशन उपरांत मेरा नाम विनोद कुमारी पत्नी सुघट सिंह (VINOD KUMARI W/O SUGHARH SINGH) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।

पुराना नाम
बिनोद कुमारी पत्नि सुघड सिंह (BINOD KUMARI W/O SUGHAD SINGH)
नया नाम
विनोद कुमारी पत्नी सुघट सिंह (VINOD KUMARI W/O SUGHARH SINGH)

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मैं हर्षित श्रीवास्तव पिता मनीष श्रीवास्तव निवासी एफ. 45 फेज 2 प्राइड सिटी, बर्रई रोड, कटारा हिल्स, तहसील हुजूर जिला भोपाल म. प्र. हूँ। मेरा नाम शैक्षणिक दस्तावेज कक्षा 10वीं की अंकसूची में त्रुटिवश HARSHIT SHRIVASTAVA पिता MANISH SHRIVASTAVA दर्ज हो गया है जिसमें उपनाम में अंग्रेजी में स्पेलिंग त्रुटि है जो कि गलत मेरा वास्तविक सही नाम हर्षित श्रीवास्तव (Harshit Srivastava) पिता मनीष श्रीवास्तव (Manish Srivastava) है जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज होने से प्रमाणित है जिसको मै अपने शैक्षणिक दस्तावेजों/शासकीय/अशासकीय सभी दस्तावेजों में दर्ज करवाना चाहता हूँ। हर्षित श्रीवास्तव (Harshit Srivastava) पिता मनीष श्रीवास्तव (Manish Srivastava) व HARSHIT SHRIVASTAVA पिता MANISH SHRIVASTAVA दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात् मेरे स्वयं के ही हैं। प्रकाशन उपरांत मेरा नाम हर्षित श्रीवास्तव (Harshit Srivastava) पिता मनीष श्रीवास्तव (Manish Srivastava) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जावें ।

पुराना नाम
HARSHIT SHRIVASTAVA पिता MANISH SHRIVASTAVA
नया नाम
हर्षित श्रीवास्तव (Harshit Srivastava) पिता मनीष श्रीवास्तव (Manish Srivastava)

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मैं धन्नूलाल केकती पिता मंगरूलाल केकती निवासी वार्ड नं. 01 रेल्वे चौकी सिध्दार्थ नगर, बूढ़ी जिला बालाघाट म. प्र. हूँ। मेरा नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश धन्नूलाल बागरेश द्वारा स्व. मंगरुलाल केक्ती दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक सही नाम धन्नूलाल केकती (DHANNULAL KEKTI) पिता मंगरूलाल केकती (MANGRULAL KEKTI) है जो मेरे पेन कार्ड में दर्ज होने से प्रमाणित है जिसको मै अपने आधार कार्ड / शासकीय / अशासकीय सभी दस्तावेजों में दर्ज करवाना चाहता हूँ। धन्नूलाल केकती (DHANNULAL KEKTI) पिता मंगरूलाल केकती (MANGRULAL KEKTI) व धन्नूलाल बागरेश द्वारा स्व. मंगरुलाल केक्ती दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात् मेरे स्वयं के ही हैं । प्रकाशन उपरांत मेरा नाम धन्नूलाल केकती (DHANNULAL KEKTI) पिता मंगरूलाल केकती (MANGRULAL KEKTI) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जावें ।

पुराना नाम
धन्नूलाल बागरेश द्वारा स्व. मंगरुलाल केक्ती
नया नाम
धन्नूलाल केकती (DHANNULAL KEKTI) पिता मंगरूलाल केकती (MANGRULAL KEKTI)

### आम सूचना / नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम निखिल लोधी पिता श्री रविन्द्र लोधी आयु वयस्क निवासी- ग्राम ठेका, ठेका, जंघार, अशोक नगर, (म.प्र.) 473335 है। परन्तु मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम निकिल पिता रविंद्र लोधी (NIKIL S/O RAVINDRA LODHI) एवं मेरी जन्म तिथि 01.01.2003 अंकित हो गयी है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक सही नाम एवं जन्म तिथि मेरे जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेजो में दर्ज होने से प्रमाणित है। प्रकाशन उपरांत मेरा नाम निखिल लोधी पिता श्री रविन्द्र लोधी (NIKHIL LODHI S/O RAVINDRA LODHI) के नाम से जाना, पहचाना व पढा जावें । एवं मेरी जन्म तिथि 10.02.2005 मेरे आधार कार्ड में दर्ज की जावे ।

पुराना नाम
निकिल पिता रविंद्र लोधी (NIKIL S/O RAVINDRA LODHI)
पुरानी जन्म तिथि
01.01.2003
नया नाम
निखिल लोधी पिता श्री रविन्द्र लोधी (NIKHIL LODHI S/O RAVINDRA LODHI)
नयी जन्म तिथि
10.02.2005

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मैं बंटी पिता घनश्याम निवासी म.न. 46 वार्ड नं. 08 हरिजन मोहल्ला पुरानी पचोर जिला राजगढ़ म. प्र. हूँ। मेरा नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश बल्लू अहिरवार (Babblu Ahirwar) S/O घनश्याम अहिरवार (Ghanshyam Ahirwar) दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक सही नाम बंटी (BUNTY) पिता घनश्याम (GHANSHYAM) है जो मेरे कक्षा 10वीं की अंकसूची में दर्ज होने से प्रमाणित है जिसको मै अपने आधार कार्ड / शासकीय / अशासकीय सभी दस्तावेजों में दर्ज करवाना चाहता हूँ। बंटी (BUNTY) पिता घनश्याम (GHANSHYAM) व बल्लू अहिरवार (Babblu Ahirwar) S/O घनश्याम अहिरवार (Ghanshyam Ahirwar) दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात् मेरे स्वयं के ही हैं। प्रकाशन उपरांत मेरा नाम बंटी (BUNTY) पिता घनश्याम (GHANSHYAM) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें ।

पुराना नाम
बल्लू अहिरवार (Babblu Ahirwar) S/O घनश्याम अहिरवार (Ghanshyam Ahirwar)
नया नाम
बंटी (BUNTY) पिता घनश्याम (GHANSHYAM)

## कार्यालय, नगर परिषद् डोला, जिला-अनूपपुर (मप्र)

Office: Municipal Council Dola Dt-Anuupur (M.P.) Email-cmodola@mpurban.gov.in 9630206418

क्रमांक -393 / न.परि./लो.नि./ ई-टेण्डर/2026 — डोला, दिनांक 18/03/2026

-::निविदा विज्ञप्ति::-
(द्वितीय आमंत्रण)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्यों हेतु एस.ओ.आर 08.11.2025 के अनुसार प्रतिशत दर पर ऑनलाइन निविदाएं केन्द्रीकृत प्रणाली समतुल्य / सक्षम श्रेणी में पंजीकृत कर्मों एवं ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा दरें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाइन टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुगानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्रशुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 465/E-TENDER/NAGAR PARISHAD DOLAANUPPUR 2026 UAD_491878_1 CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM NH43 TO SARKARI KUA HOUSE AT WARD NO 05 | 2026_ UAD _491878_1 CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM NH43 TO SARKARI KUA HOUSE AT WARD NO 05 | Rs. 1,49,966.00 | Rs. 1,499/- | Rs. 2000/- | 03 Months |
| 02 | 466/E-TENDER/NAGAR PARISHAD DOLA ANUPPUR 2026 UAD_491899_1 CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM OM SINGH HOUSE TO RAMSA JEEVAN HOUSE AT WARD NO 03 | 2026_ UAD _491899_1 CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM OM SINGH HOUSE TO RAMSA JEEVAN HOUSE AT WARD NO 03 | Rs. 4,99,888.00 | Rs. 4,998/- | Rs. 2000/- | 03 Months |
| 03 | 467/E-TENDER/NAGAR PARISHAD DOLA ANUPPUR 2026 UAD_491933_1 CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM OM SINGH HOUSE TO RAMSA JEEVAN HOUSE AT WARD NO 03 | 2026_ UAD _491933_1 CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM OM SINGH HOUSE TO RAMSA JEEVAN HOUSE AT WARD NO 03 | Rs. 4,16,574.00 | Rs. 4,165/- | Rs. 2000/- | 03 Months |

1- उल्लेखित कार्यों के निविदाओं का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।
2- ऑनलाइन निविदा (2026_UAD_491878_1) प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 18.03.2026 समय 03 :00 पीएम से 06.04.2026 समय 17 :30 पीएम बजे तक निर्धारित है।
3- ऑनलाइन निविदा (2020_UAD_491899_1) प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 18.03.2026 समय 03 :00 पीएम से 06.04.2026 समय 17 :30 पीएम बजे तक निर्धारित है।
4- ऑनलाइन निविदा (2026_UAD_491933_1) प्रपत्र क्रय करने का दिनाक 18.03.2026 समय 03 :00 पीएम से 06.04.2026 समय 17 :30 पीएम बजे तक निर्धारित है।
निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किये जाने पर समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। निविदा में किया गया संशोधन वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद डोला जिला अनूपपुर मप्र

# इंदौर में फायर सेफ्टी को लेकर जिला प्रशासन सख्त

## कलेक्टर शिवम वर्मा ने ली संबंधित अधिकारियों की बैठक

### जी+3 एवं उससे अधिक की बहु मंजिला इमारतों में 15 दिन में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज राजस्व अधिकारियों, नगर निगम के अधिकारियों, फील्ड बिल्डिंग ऑफिसर्स एवं बिल्डिंग इंस्पेक्टर्स की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की बहुमंजिला व्यावसायिक और अन्य इमारतों में फायर सेफ्टी व्यवस्था को लेकर सख्त निर्णय लिए गए। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल भी विशेष रूप से मौजूद थे। बैठक में तय किया गया कि जी+3 एवं उससे अधिक ऊंचाई वाली सभी कमर्शियल और अन्य बिल्डिंग्स को 15 दिन का समय दिया जाएगा, जिसमें उन्हें अपने फायर सेफ्टी प्लान एवं व्यवस्थाओं को पूरी तरह दुरुस्त करना होगा। इस अवधि के बाद यदि किसी भवन में आवश्यक फायर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं पाया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम के नेतृत्व में गठित दलों द्वारा कल से ही फायर सुरक्षा मानकों की व्यवस्थाओं के निरीक्षण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

कलेक्टर वर्मा ने निर्देश दिए कि इस दौरान रैंडम निरीक्षण भी किए जाएंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भवनों में अग्निशमन उपकरण, आपातकालीन



निकासी मार्ग (एग्जिट), एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं उपलब्ध और कार्यशील हैं। साथ ही, यह भी देखा जाएगा कि संबंधित भवनों ने नियमानुसार अनुमति (लाइसेंस) प्राप्त की है या नहीं। बैठक में यह भी सामने आया कि कई भवनों में निर्माण के बाद अतिरिक्त या अवैध निर्माण किया गया है, जो बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। आवश्यक होने पर नोटिस जारी कर सुधार कार्य करवाया जाएगा या अवैध हिस्सों को हटाने की कार्रवाई भी की जाएगी। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा प्रमुख रूप से निर्देश दिये गए कि सभी जी+3 एवं उससे अधिक ऊंचाई वाली इमारतों में फायर सेफ्टी उपकरणों की अनिवार्य रूप से जांच कर उन्हें कार्यशील स्थिति में रखा जाए। प्रत्येक भवन में आपातकालीन निकासी मार्ग स्पष्ट, अवरोध मुक्त एवं चिन्हित होना सुनिश्चित किया जाए। बिना अनुमति किए गए अतिरिक्त निर्माणों को तत्काल चिन्हित कर नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं करने वाले भवनों के विरुद्ध लाइसेंस निरस्तीकरण सहित दंडात्मक कार्रवाई की जाए। अधिकारियों ने फायर सेफ्टी से संबंधित निरीक्षण एवं मूल्यांकन के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता जताई। इस पर कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फायर सेफ्टी मानकों एवं प्रक्रियाओं की समुचित ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# तीन दिवसीय चौपाल महोत्सव का उत्साहपूर्ण हुआ समापन



**उज्जैन।** स्थानीय आगर रोड स्थित चौपाल सागर में आयोजित तीन दिवसीय चौपाल महोत्सव तहसीलदार गोवर्धन जी राजोरिया की गरिमा में उपस्थिति में संपन्न हुआ। महोत्सव के अंतिम दिन कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया वहीं विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें महिलाओं के लिए सलाद डांस फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जो आकर्षण का केंद्र रही प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपनी-अपनी प्रतिभाएं प्रदर्शित की । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई इस महोत्सव के सफल आयोजन में आईटीसी परिवार का विशेष सहयोग रहा।

## सार-समाचार

### बांदा की बेटी ने किया नाम रोशन किया



**बांदा।** गिरवां थाना क्षेत्र के छिबांव खुरहंड निवासी अंशिका द्विवेदी पुत्री अश्विनी कुमार द्विवेदी ने प्रारम्भिक शिक्षा सरस्वती बालिका विद्या मंदिर केन बांदा से इसके बाद बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से बीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की ।आई आई टी जैम में परास्नातक हेतु आवेदन कर परीक्षा में आल इंडिया रैंक 28 प्राप्त किया तथा आई आई टी गेट 2026 में परास्नातक/ पी एच डी/ रिसर्च हेतु आवेदन कर परीक्षा में आल इंडिया रैंक 420 प्राप्त कर जनपद एवं परिवार का नाम रोशन किया है। द्विवेदी परिवार में खुशी की लहर है। माता पिता ने बेटी को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद प्रदान किया।

### भाजपा की बहुप्रतीक्षित जिला कार्यसमिति घोषित




**बांदा।** भारतीय जानता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री संगठन की संस्तुति पर जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत द्वारा जिला कार्यसमिति की घोषडा कर दी गई है जिसमे 25 पदाधिकारियों व 64 सदस्यों को जगह दी गई है पार्टी ने इस सूची के जरिये चारों विधान सभाओ में जातीय समीकरणों को साधने का पूरा प्रयास किया गया है कमिटी में महिलाओ को भी स्थान देकर महिला समीकरण बनाने का प्रयास किया गया है लेकिन इस बार संगठन की कमान नए चेहरो के हाथ में दी गई है । कार्यसमिति के पदाधिकारियों में आठ उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री, आठ मंत्री , एक कोषाध्यक्ष , एक कार्यालय मंत्री, एक मीडिया प्रभारी, एक सोशल मीडिया संयोजक एवं एक आई टी संयोजक को जगह दी गई है । उपाध्यक्ष पद पर वंदना गुप्ता, राज भवन उपाध्याय, पंकज रायकवार, देशराज सिंह , रमेश चंद्र पांडेय , अमित सेठ भोलू, अर्जुन प्रकाश गुप्ता, आनंद कुमार साहू को मनोनीत किया गया है जिला महामंत्री पद की जिम्मेदारी ममता मिश्रा, निखिल सक्सेना, सुधीर कुशवाहा को सौपी गई है । जिला मंत्री पद पर राजर्षि शुक्ला, विष्णु प्रताप सिंह, श्याम बाबू पाल, देवेंद्र सिंह भदौरिया, निर्मला गौतम , दुर्गा प्रसाद चौरसिया , रूपा चौहान व संतोष नायक रखे गए है इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संतोष गुप्ता संतू व जिला कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी दिलीप तिवारी को सौपी गई है इसी प्रकार जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व उत्तम सक्सेना को सौपा गया है। जिला सोशल मीडिया संयोजक में रमन सिंह व जिला आई टी संयोजक में दीपक राजपूत रखे गए है । सूची जारी होते ही पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया है इसी क्रम के भाजपा जिला कार्यालय में जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना को भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने माला पहना कर स्वागत किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस अपेक्षा के साथ उनको जिम्मेदारी सौपी है उसका वे कर्तव्य निष्ठा व ईमानदारी से पालन करेंगे । ज्ञात हो कि उत्तम सक्सेना जिला उपाध्यक्ष सहित अन्य विभिन्य दायित्वों में रह कर कई वर्षों से पार्टी का कार्य कर रहे है उनकी कर्तवनिष्ठा व ईमानदारी को देखते हुए पार्टी ने पुन : जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व सौपा है ।

### छिबाव रेलवे फाटक 23 से रहेगा बंद

**बांदा।** सहायक कार्यकारी अभियंता निर्माण चित्रकूट उत्तर मध्य रेलवे नंद किशोर ने बताया कि रेलवे संपर्क फाटक 469 छिबाव तहसील अतर्रा को एन एच 35 से छिबाव को जाने के लिए मार्ग को 23 मार्च से स्थाई रुप से बंद किया जाएगा ।ताकि एल सी के ऊपर फ्लाई ओवर का निर्माण हो सके ।तब तक के लिए छिबाव गांव जाने लिए वैकल्पिक रास्ता एल सी 468 गेट से रहेगा ।जो खुरहंड स्टेशन से बांदा की तरफ मौजूद एन एच 35 को खुरहंड से जोड़ता हुआ छिबाव गांव की तरफ जाता हैं।

### स्वच्छ बाजार श्रेणी में सदर बाजार प्रथम



**गंजबासौदा।** सदर बाजार वार्ड 16 बना नंबर– 1 नगर पालिका परिषद गंजबासौदा द्वारा आयोजित स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के अंतर्गत स्वच्छ बाजार श्रेणी में सदर बाजार, वार्ड क्रमांक 16 ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि न केवल वार्डवासियों की जागरूकता और सक्रिय सहभागिता को दर्शाती है, बल्कि पूरे नगर के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। इस अवसर पर श्रीमती ऋचा संजय भावसार ( स्वास्थ्य एवं चिकित्सा प्रभारी, नगर पालिका), पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आर.के. नेमा, शैलेंद्र यादव, कौशलेंद्र त्रिपाठी एवं नगर पालिका मेट राजेश बाल्मीकि की गरिमामयी उपस्थिति रही। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्वच्छता अभियान में निरंतर सहयोग देने वाले नागरिकों एवं सफाई कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में नगर पालिका सहयोगी संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अभिषेक शर्मा एवं उनकी टीम ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने जन–जागरूकता के माध्यम से स्वच्छता को जन–आंदोलन का रूप देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में सभी ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि गंजबासौदा को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ शहर बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखे जाएंगे तथा प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएगा।

# वॉल्व ऑपरेटर व कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण, उत्कृष्ट सेवाओं के लिए किया सम्मानित




**राजगढ़।** मध्य प्रदेश जल निगम परियोजना क्रियान्वयन ईकाई राजगढ़ द्वारा विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों अंतर्गत कार्यरत वॉल्व ऑपरेटर को पाइप लाइन में लघु सुधार कार्य के संबंध में टूल किट का प्रशिक्षण एवं विभिन्न घटकों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।इसी क्रम में विभिन्न ग्रामों की आंगनवाड़ी, आशा कार्यकर्ताओं को जल गुणवत्ता के संबंध में जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी क्रम में उन्हें प्रयोगशाला में विस्तृत परीक्षण एवं एफ.टी.के. के माध्यम से परीक्षण का अभ्यास किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों ने जल शोधन संयंत्र का भ्रमण कर जल शोधन की बारीकियों को समझा। इसी के साथ ग्राम गोरधनपुरा की ग्राम पानी समिति की अध्यक्ष श्रीमति रेणु ख़ान एवं श्री पर्वत सिंह सोलंकी वॉल्व मेन को जल प्रदाय में उत्कृष्ट सेवा देने के लिए महामहिम राष्ट्रपति द्वारा 11 मार्च, 2026 को दिल्ली में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा भोपाल में सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा वॉल्व मेन, आंगनवाड़ी/आशा कार्यकर्ताओं से चर्चा की व उनके द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना भी की। साथ ही श्रीमति ख़ान का स्वागत-हरित अभिनंदन कर सभी को जल उपयोगिता एवं संरक्षण के लिए ÷जल शपथ÷ दिलवाई और सभी को उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रेरित किया।प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर महाप्रबंधक जल निगम श्री उमाकांत चौधरी, उप महाप्रबंधक श्री विकास कुमार, प्रबंधक श्री सचिन दांगी उपस्थित रहे।

# जल है तो कल है : हरदौट के जल महोत्सव में विधायक डॉ. चौधरी ने दिया जल संरक्षण का संदेश

## हरदौट में हुआ जल महोत्सव कार्यक्रम

**गैरतगंज।** जल है तो कल है, इसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। बिना जनभागीदारी और बिना सामूहिक प्रयास के जल संरक्षण संभव नहीं है। यह बात क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने ग्राम हरदौट में विश्व जल दिवस पर आयोजित जल महोत्सव कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने जल संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए इसे जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। जल महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर पूरे गांव में जल संरक्षण का संदेश दिया।




माहौल पूरी तरह जागरूकता और उत्साह से भरा रहा। अपने संबोधन में विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि वर्तमान में भूजल स्तर में गिरावट और जल स्रोतों के सूखने की समस्या गंभीर होती जा रही है। ऐसे में हर नागरिक को पानी के महत्व को समझते हुए उसके संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सरकार हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पाइपलाइन विस्तार, जल टंकियों का निर्माण एवं जल संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। लेकिन इन प्रयासों की सफलता तभी संभव है, जब आमजन भी इसमें सक्रिय भूमिका निभाएं।

विधायक ने वर्षा जल संग्रहण (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) को अपनाने, पुराने कुओं और तालाबों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन, तथा पानी के दुरुपयोग से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि हम दैनिक जीवन में पानी के उपयोग को लेकर सतर्क हो जाएं, तो बड़ी मात्रा में जल बचाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया। इस मौके पर विधायक ने सभी उपस्थित लोगों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही जल संकट का समाधान संभव है और इससे क्षेत्र के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष विजय पटेल सरपंच, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण मनोज पाठ्या, अशोक ठाकुर उपाध्यक्ष नप जगदीश धाकड़ सरपंच प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# अकीदत के साथ मनाई गई ईद, मांगा अमन–चैन

## शहर काजी के संबोधन और आपसी सौहार्द के साथ संपन्न हुई ईद

**महोबा।** ईद-उल-फितर का पर्व अकीदत और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। मुख्यालय स्थित प्राचीन ईदगाह में हजारों मुस्लिमों ने नमाज अदा कर देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इस दौरान डीएम और एसपी सहित आला अधिकारियों ने गले मिलकर लोगों को बधाई दी। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच जिले भर में उल्लास का माहौल रहा। महोबा जनपद में आज ईद-उल-फितर की रौनक हर तरफ दिखाई दी। एक महीने के कठिन रोजों के बाद अल्लाह की बारगाह में शुक्राना अदा करने के लिए मुख्यालय सहित चरखारी, कुलपहाड़ और कबरई की ईदगाहों में अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। शहर की सबसे प्राचीन ईदगाह में हजारों की संख्या में मुस्लिम भाइयों ने एक साथ सफों में खड़े होकर दो रकात नमाज अदा की। ?नमाज के बाद शहर काजी आफाक हुसैन ने खुत्बा पढ़ा और पैगंबर मोहम्मद साहब के बताए शांति और इंसानियत के रास्ते पर चलने की अपील की। जैसे ही दुआ के लिए हजारों हाथ उठे, फिजा में सिर्फ मुल्क की सलामती, अमन और आपसी भाईचारे की गूँज सुनाई दी। शहरकाजी ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि वतन की हिफाजत के लिए मुसलमान अपनी जान भी कुर्बान करने को तैयार हैं।?प्रशासनिक अमला भी इस खुशी में बराबर का शरीक रहा।जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप



सिंह ने भी सभी मुबारकबाद दी। सुरक्षा के मद्देनजर एएसपी वंदना सिंह और एडीएम कुंवर पंकज की देखरेख में भारी पुलिस बल तैनात रहा। यातायात को सुव्यवस्थित करने के लिए हर चौराहे पर मुस्तैदी दिखाई दी। ?नमाज संपन्न होते ही ईद मुबारक कहते गई साथ लोग एक-दूसरे के गले मिले। क्या बच्चे, क्या बुजुर्ग, सभी पारंपरिक इस्लामी लिबास में सजे-धजे नजर आए। ईदगाह के बाहर विभिन्न राजनीतिक दलों और समाजसेवियों द्वारा लगाए गए स्टालों पर लोगों का मुंह मीठा कराया गया, जो बुंदेलखंड की गंगा-जमुनी तहजीब की एक जीवंत मिसाल पेश कर रहा था। कुल मिलाकर महोबा में मीठी ईद का यह त्योहार मिठास और आपसी सौहार्द के साथ संपन्न हुआ।

# आवास विकास विभाग की देखरेख में बन रहा सुदृढ़ शैक्षणिक भवन



**महोबा।** जनपद के विकास खंड जैतपुर स्थित राज्यकीय बालिका इंटर कॉलेज में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर सकारात्मक तस्वीर सामने आ रही है। आवास विकास विभाग की देखरेख में हो रहे इस निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। ठेकेदार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे भवन की मजबूती और दीर्घकालिक उपयोगिता सुनिश्चित हो सके। स्थानीय स्तर पर निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से और तकनीकी मानकों के अनुसार किया जा रहा है। इंजीनियरों की टीम समय-समय पर मौके पर पहुंचकर कार्य की निगरानी कर रही है, वहीं ठेकेदार भी गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रहा है। निर्माण स्थल पर कार्यरत श्रमिकों ने बताया कि उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्तर पर घटिया सामग्री का उपयोग न किया जाए। सीमेंट, सरिया और अन्य निर्माण सामग्री की नियमित जांच की जा रही है। इसके साथ ही कार्य की गति भी संतुलित रखी गई है, ताकि जल्दबाजी में गुणवत्ता प्रभावित न हो। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इस विद्यालय भवन के निर्माण से बालिकाओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। उन्होंने ठेकेदार की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि काम में पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों का संतुलन देखने को मिल रहा है। आवास विकास विभाग के अधिकारियों ने भी निर्माण कार्य पर संतोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि यदि इसी तरह कार्य चलता रहा तो निर्धारित समय सीमा के भीतर एक मजबूत और आधुनिक विद्यालय भवन तैयार हो जाएगा, जो क्षेत्र की छात्राओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

## जल गंगा अभियान अंतर्गत की तालाब की साफ सफाई, आगे से तालाब में गंदगी नहीं फैलाने आमजन से की अपील

# साईखेड़ा तालाब को साफ सुथरा, जलमग्न करने गायत्री परिवार ने छेड़ा अभियान

**हरिप्रसाद गोहे, आमला।** साईखेड़ा के प्राचीन तालाब को स्वच्छ सुंदर जलमग्न करने गायत्री परिवार ने अभियान की अभिनव पहल की है।अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के प्रयाज अभियान तालाब जल स्त्रोत नदी शुद्धि अभियान के तहत ग्राम साईखेड़ा के पौराणिक तालाब की साफ सफाई अभियान का प्रारंभ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 22 मार्च 2026 को सुबह 10ः00 बजे से शुरू किया। तालाब के चारों और गंदगी देखी जा सकती है दुखद स्थिति यह है कि इस तालाब में कुछ आस पास के लोग और कुछ अज्ञानता वश ऐसे धार्मिक लोग जो घर में पूजा पाठ करने के उपरांत घर की पूजन सामग्री तालाब में लाकर डाल रहे हैं और जल स्त्रोतों को गंदा कर रहे हैं कूड़ा करकट प्लास्टिक के पन्नी पूजन सामग्री प्लास्टिक की पन्नीयों में भरकर डाल रहे हैं गायत्री प्रज्ञापीठ



आमला के प्रमुख ट्रस्टी बी पी धामोडे एवं शिशुपाल डडोरे रमेश बेले ने जल है तो कल है कार्यशाला का शुभ आरंभ करते हुए ग्रामीणों को जल के महत्व से अवगत कराया और बताया कि घर में जो भी पूजा पाठ होती है यज्ञ हवन आदि होते हैं उसकी सामग्री जल स्त्रोत में नहीं डालनी चाहिए इससे जल अशुद्ध होता है और जल जीव जंतुओं को काफी नुकसान होता है गायत्री प्रज्ञापीठ आमला तालाब को साफ रखने के लिए ग्रामीणों को जनजाग्रति के माध्यम से लोगों को जागृत करके जल के महत्व को समझाएगा और इसे सहेजेगा वरिष्ठ वकील मोहम्मद शफी खान ने ग्रामीण को संबोधित करते हुए कहा कि इस्लाम धर्म में भी जल स्त्रोतों को साफ रखने की प्रेरणा दी गई है और प्रकृति के महत्व को रेखांकित किया गया है गायत्री परिवार इस दिशा में लगातार पुनीत कार्य कर रहा है श्री कृष्ण लीला फाउंडेशन के संयोजक राजेंद्र उपाध्याय पर्यावरण प्रेमी सदाराम झरबड़े ने प्रशासन से मांग की है कि तालाब के आसपास जो अतिक्रमण और गंदगी व्याप्त है लोग खुले में शौच कर रहे हैं तालाब को गंदा कर रहे हैं तालाब के घाट अत्यधिक जीर्ण श्रीण अवस्था में है घाट पर गंदगी व्याप्त है सुधार होना चाहिए लोग मवेशी बांध रहे हैं गोबर खाद के लिए तालाब के पास इकट्ठा किया जा रहा है यह सभी जलस्त्रोतों के प्रति लापरवाही का नतीजा है जिसके लिए ग्राम पंचायत जिम्मेदार है ग्राम पंचायत को इस ओर ध्यान देना चाहिए तथा जो पत्थर के घाट बनाए हैं उन्हें साफ सुथरा कर आम लोगो के लिए उपयोगी बनाना चाहिए ग्राम साईखेड़ा के बुजुर्ग बाबूराव मकोड़े भूरेन्द्र मकोड़े पांडुरंग देशमुख आर के बनखेड़े मधुकर मकोड़े ने बताया कि यह तालाब सैकड़ो साल पुराना है पहले मालगुजार इसकी देख देख करते थे और जल के उपयोग कृषि कार्य पेयजल में करते थे बाद में ग्राम पंचायत साई खेड़ा के सरपंच और मालगुजार के मध्य न्यायालय में केस चला फिर यह तालाब ग्राम पंचायत साईखेड़ा को प्राप्त हुआ किंतु उसकी देखरेख और इसके जल स्त्रोतों में होने वाली गंदगी की रोक पर ग्राम पंचायत ध्यान नहीं देती है जिससे यह स्थिति बनी हुई है अभियान में गायत्री परिवार के श्रमदानीआसपास के ग्रामीण स्थानीय निवासी और पर्यावरण प्रेमी मौजूद थे।

# भाजपा सरकार में लोगों के अधिकारों का किया जा रहा है हनन: एड. विक्रम सूर्यवंशी

**मैहर।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन जिला मैहर के तत्वावधान में दिनांक 21 मार्च को मैहर विधानसभा अंतर्गत ग्राम भटगवां में एक भव्य एवं जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं युवाओं की उपस्थिति देखने को मिली, जिससे संगठन की बढ़ती ताकत साफ नजर आई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रदेश सचिव सिद्धार्थ नालंदा रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भीम आर्मी जिलाध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सूर्यवंशी एवं आसपा (कांशीराम) जिलाध्यक्ष राघवेंद्र अहिरवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शेखर साकेत द्वारा की गई तथा संचालन जिला छात्र संघ उपाध्यक्ष रामप्रकाश कोल ने किया। मुख्य अतिथि सिद्धार्थ नालंदा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में बहुजन समाज पर अत्याचार लगातार बढ़ रहे हैं और उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे जागरुक होकर अपने हक और अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ें और संगठित होकर समाज को आगे बढ़ाएं। साथ ही एडवोकेट विक्रम सूर्यवंशी ने कहा कि भगवान बुद्ध, महात्मा फुले, छत्रपति शाहू जी महाराज एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा ही समाज को सशक्त बना सकती है। उन्होंने कहा कि बहुजन महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने ग्राम भटगवां के युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भीम आर्मी से जुड़ने और संगठन को मजबूत बनाने का आव्हान किया, ताकि समाज की ताकत को और बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे पुष्पेंद्र सतनामी (पूर्व आईटी सेल प्रभारी) शंकर मानपुर अध्यक्ष, सुभम मानपुर, हर्ष कांसा, रामबहोरी,



शिवलाल, रामदीन, विपिन, रामसिया, रमेश, सुंदरलाल, संतोष, मुकेश, हनुमतलाल, गायत्री, प्रिय वर्मा, मोनिका वर्मा, सुनीता, निधि, सुरेश प्रसाद, लकी साकेत, आशीष, अंजू, संध्या, सुमन, आरती, जानवी, राधा, पूर्वी, अंजली, पुष्पांजली साकेत, विनोद सतनामी, विजय सतनामी, प्रभुदयाल कुशवाहा, विजय, विनोद, आकाश, गया साकेत, समीर, मोनिका, संजना, रहीश चौधरी, शैलेन्द्र साकेत, काशी प्रसाद, अमन, लवकुश, विपिन साकेत, अंकित, सपना उपस्थित रहे।

## पनवाड़ा में सजेगा आस्था का महाकुंभ

**श्योपुर ब्यूरो।** जिले के वनांचल क्षेत्र में स्थित पनवाड़ा का प्रसिद्ध मां अन्नपूर्णा मंदिर इन दिनों आस्था के केंद्र के रूप में जगमगा रहा है। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर यहां 25 मार्च से 29 मार्च तक पांच दिवसीय विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। सप्तमी तिथि से शुरू होने वाले इस मेले में हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए उमड़ेंगे। मां अन्नपूर्णा के दरबार में विराजित देवी 'जंगल में मंगल' करने वाली माता के रूप में प्रसिद्ध हैं। यहां माता के तीन स्वरूपों के दर्शन का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। यही कारण है कि श्रद्धालु दूर-दराज से कनक दंडवत करते हुए भी यहां पहुंचते हैं। मेले के दौरान सुबह 4 बजे से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ लगना शुरू हो जाती है। पनवाड़ा के साथ ही दुर्गापुरी और मोराई क्षेत्रों में भी मेले की रौनक देखने को मिलेगी। हर वर्ष की तरह इस बार भी 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। श्योपुर के अलावा राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली से भी बड़ी संख्या में भक्त यहां आते हैं।

# भावांतर भुगतान योजना में खरीदी आज से होगी शुरू

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में भारत सरकार की डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) अंतर्गत सरसों फसल विक्रय करने हेतु रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर सरसों फसल के लिए पंजीकृत किसानों से सरसों फसल की खरीदी 23 मार्च से शुरू होगी। कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में भावांतर योजना अंतर्गत जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन भी किया गया है। इसके साथ ही मंडी स्तर पर भी समितियां गठित की गई है।

उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बताया कि भावांतर भुगतान योजना में सरसों फसल की खरीदी 23 मार्च 2026 से 30 मई 2026 के मध्य जिले की अधिसूचित मंडियों श्योपुर, बडौदा, विजयपुर एवं कराहल में की जायेगी। योजनांतर्गत प्रथम दो सप्ताह में विक्रय के लिए मॉडल रेट का निर्धारण, सीजन के प्रथम 14 दिवस की अवधि में प्रदेश की समस्त मण्डियों में सरसों के विक्रय मूल्य का औसत मानकर निर्धारित किया जायेगा। प्रतिदिन का मॉडल रेट मध्यरात्रि 12 बजे से ई-मंडी पोर्टल पर प्रदार्शित किया



जायेगा। अधिसूचित मंडियों में (एफएक्यू मानक के अनुरूप) का बिक्री मूल्य एमएसपी से कम हो, परंतु प्रदेश सरकार द्वारा घोषित औसत थोक मूल्य (मॉडल प्राइस) से अधिक हो, तो किसान को एमएसपी और वास्तविक बिक्री के अंतर की राशि प्रदाय की जाएगी। किसानों को भावांतर भुगतान की राशि डीबीटी के माध्यम से मंडी बोर्ड द्वारा भुगतान किया जाएगा। सरसों फसल का एमएसपी 6200 रूपये प्रति क्विंटल है। उन्होने बताया कि एमएसपी रेट 6200 रूपये तथा मॉडल रेट के भांवातर की राशि का भुगतान किसानों को किया जायेगा। मॉडल रेट से अधिक दर पर सरसो का विक्रय होने पर किसान को प्रदाय की गई दर और एमएसपी रेट के अंतर की राशि प्रदान की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ईद उल फितर पर पढ़ी नमाज, गले मिलकर दी ईद की शुभकामनाएं



**समय जगत, सिरोंज।** ईद उल फितर पर सुबह निर्धारित समय अनुसार ईदगाह पर मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा ईद की नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी गयी और ईद की नमाज के बाद गले मिलकर एक दूसरे को ईद की शुभकामनाएं दी गयी। ईद की नमाज के पास ही ईदगाह पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पहुंचकर मुस्लिम धर्मावलंबियों को ईद की शुभकामनाएं दी गयीं। इस दौरान एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा, तहसीलदार संजय चौरसिया आदि मौजूद रहे। साथ ही भाजपा नेताओं द्वारा ईद की शुभकामनाएं दी। नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, संतोष रघुवंशी आदि शामिल रहे कांग्रेस नेताओं द्वारा भी ईद की शुभकामनाएं गले मिलकर दी गयी। इस दौरान कांग्रेस नेता रजत गौड़, अशोक यादव, गगनेन्द्र रघुवंशी ईरशाद गौरी, सुभान गौरी, अंसार खांन आदि मौजूद रहे। नमाज के बाद ईदगाह पर मौजूद गरीबों को मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा राशि देकर मदद की गयी। ईद की नमाज के बाद दिनभर मुस्लिम धर्मावलंबियों के घरों पर मीठी सिवईयों का दौर चलता रहा।

### बारडोली साहित्य उत्सव में जुट रहे हैं देश के वरिष्ठ साहित्यकार

**समय जगत, कटनी।** देश के वरिष्ठ साहित्यकार आज 23 मार्च को शहीद दिवस पर कटनी में आयोजित 'बारडोली साहित्य उत्सव' में व्याख्यान, कहानी एवं कविता पाठ में सहभागिता के लिए पधार रहे हैं। म.प्र. साहित्य सम्मेलन एवं इंटैक कटनी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'बारडोली साहित्य उत्सव' का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ एवं दुबे कालोनी के मध्य स्थित भार्गव कंपाउंड में आगामी 23 मार्च शायं 4 बजे आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ लब्धप्रतिष्ठ कवि, निबंधकार अष्टभुजा शुक्ल, कवि, कथाकार, पूर्व आई ए एस राजीव शर्मा, कवि, कथाकार उदय प्रकाश, कहानीकार, उपन्यासकार तरुण भटनागर, कवि, कथाकार, देवेंद्र कुमार पाठक, सुविख्यात कहानीकार विमल चंद पांडे, वरिष्ठ नवगीतकार, राम निहोर तिवारी, कवि लोकनाथ, कवि विवेक चतुर्वेदी, कवि दीपक जायसवाल, नवगीतकार विभूति तिवारी एवं नवगीतकार इति शिवहरे की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के प्रथम चरण में व्याख्यान, द्वितीय चरण में कहानी एवं तृतीय चरण में कविता पाठ संपन्न होगा। इस अवसर पर लगाए जाने वाले पुस्तक विक्रय के स्टाल में देश के वरिष्ठ एवं चर्चित लेखकों की पुस्तकें भी क्रय किए जाने हेतु उपलब्ध रहेंगी। कटनी के रचनाकार अपनी पुस्तक भी विक्रय हेतु उक्त स्टाल पर उपलब्ध करा सकते हैं। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर कटनी के रचनाकारों की कुछ खास पुस्तकें भी अवलोकन हेतु स्थल पर प्रदर्शित की जाएंगी। नगर के साहित्यकारों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।

# गणगौर पूजन के साथ की परिवार की सुख-समृद्धि की कामना

**समय जगत, विदिशा।** नगर में अग्रवाल समाज द्वारा चैत्र नवरात्रि के दौरान गणगौर की पूजा अर्चना की परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है। इसी क्रम में अग्रवाल समाज की महिलाएं बाल विहार में एकत्रित हुई और गणगौर माता की पूजा अर्चना की और नगर के मुख्यमार्गों से होते हुए अग्रवाल धर्मशाला पहुंची। चैत्र नवरात्रि के तृतीय दिवस अग्रवाल समाज सहित अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा गणगौर पूजा अर्चना का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत अग्रवाल समाज द्वारा पिछले कई दिनों से अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें समाज के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके साथ ही बाल विहार में अग्रवाल समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में एकत्रित हुई और गणगौर की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान महिलाओं ने एक दूसरे को तिलक लगाया और गणगौर की शुभकामनाएं दी। पूजा- अर्चना के बाद महिलाएं गणगौर को अपने सिर पर रखकर मुख्य बाजार से होते हुए अग्रवाल धर्मशाला पहुंचीं, जहां पर



पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का समापन हुआ। अग्रवाल समाज की महिलाओं ने बताया कि रविवार को गणगौर माता को जल विहार के लिए बेतवा नदी ले जाया जाएगा। इस दौरान समाज के बड़ी संख्या में सभी लोग शामिल होंगे। इसी प्रकार सोनी समाज, ब्राह्मण समाज सहित अन्य समाज के लोगों द्वारा भी अलग-अलग गणगौर माता की पूजा अर्चना की गई।

**श्री परशुराम महिला मंडल मातृशक्तियों द्वारा पूजा-अर्चना:** श्री परशुराम महिला मंडल द्वारा गणगौर पर्व के अवसर पर रामकृष्ण मंदिर स्टेशन परिसर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ पूजा-



अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडल की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर गणगौर माता की विधिवत पूजा की एवं मंगल गीत गाए। पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। महिला मंडल की सदस्यों ने बताया कि गणगौर पर्व सुहाग, सौभाग्य और खुशहाली का प्रतीक है, जिसे हर वर्ष बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया तथा परिवार की सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना की गई।

## आसरा बाल गृह का निरीक्षण योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के निर्देश



**समय जगत, कटनी।** संभागायुक्त जबलपुर धनंजय सिंह के निर्देशानुसार गत दिवस संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास, जबलपुर उषा सिंह सोलंकी ने कटनी प्रवास के दौरान आसरा बाल गृह का निरीक्षण किया तथा विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक ने जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय के साथ बाल गृह का जायजा लिया। इस दौरान बाल गृह में 35 बच्चे दर्ज पाए गए। उन्होंने बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने और उनके बेहतर पुनर्वास के लिए आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही प्री-एडॉप्शन से वापस आए बालक राजू परिवर्तित नाम के पुनर्वास के लिए पुनः प्रयास तेज करने के लिए भी कहा।

इसके पश्चात महिला एवं बाल विकास विभाग के विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिन योजनाओं में प्रगति अपेक्षाकृत कम पाई गई, उनमें शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जमीनी स्तर पर योजनाओं के संचालन में आ रही समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई और उनके व्यावहारिक समाधान सुझाए गए।

# शिकायतों के निराकरण में कटनी रहा टॉप-10 में, कई विभागों को मिला ए ग्रेड

**समय जगत, कटनी।** आमजन की शिकायतों के त्वरित और संतोषजनक निराकरण के क्षेत्र में कटनी जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। सीएम हेल्पलाइन के प्रदर्शन के आधार पर जारी प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग में कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में टॉप-10 में शामिल होकर आठवां स्थान अर्जित किया है। कलेक्टर के सतत अनुश्रवण और प्रभावी मॉनिटरिंग के चलते जिले ने 81.66 कुल वेटेज स्कोर हासिल करते हुए 'ए' ग्रेड प्राप्त किया है। यह उपलब्धि प्रशासनिक दक्षता और शिकायतों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण का परिणाम मानी जा रही है।



### अग्रणी जिलों में बनाई मजबूत पहचान

कटनी जिले ने बीते फरवरी माह में प्राप्त 7,213 शिकायतों के निराकरण में बेहतर प्रदर्शन किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिकायतों के निपटारे में और अधिक संवेदनशीलता और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाया जाए, ताकि जिले की रैंकिंग में और सुधार हो सके। कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिकायतों का त्वरित और संतोषजनक समाधान ही प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास मजबूत करता है, इसलिए इस दिशा में निरंतर गंभीर प्रयास जरूरी हैं।

### पुलिस, जिला पंचायत और नगर निगम भी ए ग्रेड में

पुलिस विभाग को अपने समूह में 12वां स्थान, 812 शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के साथ 50.69 वेटेज स्कोर एवं 82.83 कुल वेटेज स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड और जिला पंचायत को 9वां स्थान, 50.35 वेटेज संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का और कुल वेटेज 86.02स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड तथा नगर निगम ने 7वां स्थान प्राप्त करते हुए 589 शिकायतों का 52.67 वेटेज स्कोर के साथ संतोषजनक निराकरण किया और 91.11वेटेज स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड हासिल किया है। कलेक्ट ने इन सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन जारी रखने की अपेक्षा की है।

एकाविंशति महायज्ञ के साथ 21 लाख अर्चन का दिव्य आयोजन

# अजबधाम में आस्था का महासंगम

**समय जगत, दमोह।** अजबधाम क्षेत्र इन दिनों श्रद्धा,भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर है। देवश्री रामकोमार सरकार मंदिर अजबधाम में अजबश्री सेवा समिति के तत्वावधान में 20 से 31 मार्च तक एकाविंशति महायज्ञ एवं 21 लाख अर्चन का दिव्य और भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे हैं। इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान की अनूठी विशेषता यह है कि प्रतिदिन 210 श्रद्धालु जगत जननी राज.राजेश्वरी मां त्रिपुर सुंदरी के 1000 पवित्र नामों के साथ विधिविधानपूर्वक सामग्री का अर्चन कर रहे हैं। श्रद्धालु पंच मेवा, विभिन्न प्रकार के फल, विविध मिष्ठान, श्रृंगार सामग्री, पान सुपाड़ी लौंग इलायची एवं अनेक प्रकार के सुगंधित पुष्प अर्पित करते हुए मंत्रोच्चार के साथ मां की आराधना कर रहे हैं। पूरे आयोजन के दौरान दो लाख दस हजार प्रतिदिन एवं



आयोजन में 21 लाख अर्चन पूर्ण करने का संकल्प लिया गया है, जो क्षेत्र में अपनी तरह का एक अद्वितीय आध्यात्मिक कार्यक्रम है। महंत रामअनुराग दास महाराज छोटे सरकार के सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में वैदिक विधि से अर्चन एवं हवन संपन्न हो रहे हैं। मंदिर परिसर में गूंजते वैदिक मंत्र, हवन की पवित्र अग्नि और भक्तों की आस्था से वातावरण अत्यंत दिव्यए शांत एवं ऊर्जा से परिपूर्ण बना हुआ है। अजब श्री सेवा समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस पुण्य अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित करें।

# निर्माण कार्य प्रारम्भ करने की सूचना नहीं देने पर हो सकती है कार्यवाही

**श्योपुर ब्यूरो।** श्रम विभाग द्वारा निर्माण स्थलों पर सुरक्षा एवं स्वस्थ कार्यस्थल बनाने और श्रमिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के लिए सुरक्षा व्यवस्था एवं सुरक्षा अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। श्रम सेवा पोर्टल मोबाइल एप पर निर्माण स्थल का पंजीयन विवरण, कर्मचारियों की संख्या, स्थान (लोकेशन) सहित अन्य आवश्यक जानकारी एकत्र की जा रही है, जिस पर नियोजक श्रमिकों के लिए उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की जानकारी दे सकते है।

**निर्माण कार्य की जानकारी देकर श्रमिक कल्याण में दें अपना योगदान**

भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम 1996 के प्रावधानों अनुसार किसी भवन या अन्य सनिर्माण कार्य प्रारंभ करने से कम से कम 30 दिन पूर्व उस क्षेत्र में, जहां प्रस्तावित भवन या अन्य सनिर्माण कार्य किया जाना है, अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक को स्थल, सुरक्षा उपाय सहित समस्त आवश्यक जानकारी सांझा करना अनिवार्य है। निर्माण स्थलों की जानकारी या सूचना एमपीबीओसीडब्ल्यू के ऑनलाइन पोर्टल या जिला श्रम कार्यालय के माध्यम से दी जा सकती है। सूचना न देने पर निरीक्षण के दौरान नियम उल्लंघन माना जा सकता है और नियोक्ता पर जुर्माना अथवा कार्रवाई हो सकती है। अधिनियम के प्रावधानो अनुसार यदि कोई नियोजक, धारा 46 के अधीन भवन या अन्य संनिर्माण कार्य के प्रारंभ की सूचना नहीं देता है, तो उसे कारावास; जिसकी अवधि तीन महीने तक की हो सकेगी या जुर्माना; जो दो हजार रुपए तक अथवा दोनों हो सकता है। विभाग ने यह भी कहा है कि ऐसे किसी भी निर्माण स्थल की सूचना देने के लिए कंट्रोल रूम नंबर-18002338888 पर भी सम्पर्क कर सकते है। निर्माण कार्य का पंजीयन नहीं किये जाने पर नागरिक इस टोल फ्री नंबर पर जानकारी देकर शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

## प्रशासन द्वारा घरेलू सिलेडरों का व्यावसायिक उपयोग होने पर बरती जा रही है सख्ती

**समय जगत, सिरोंज।** घरेलू सिलेंडरों का दुकानों पर व्यावसायिक उपयोग पर होने पर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा व तहसीलदार संजय चौरसिया की मौजूदगी में खाद्य आपूर्ति अधिकारी यशपाल जादौन द्वारा सिलेंडरों को जब्त कर प्रतिवेदन तैयार किया गया। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री जादौन ने बताया कि दस दुकानों पर पहुंचकर घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किये गये। जिसका पंचनामा तैयार कर प्रकरण दर्ज किया जायेगा। मालूम छत्रीनाका, नया बस स्टैंड, चांदनी चौक, रोहिलपुरा सहित अनेक स्थानों पर गैंस सिलेंडरों को जब्त करने की कार्यवाही की गयी है। जब्त सिलेंडरों को हीरा गैंस एजैंसी की सुपुर्दगी में सौंपा गया है। भोजनालय, चाय नाश्ता और मैरिज गार्डन का आकस्मिक निरीक्षण भी किया गया।

# मिथुन सिलावट शहर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त



**सुठालिया।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह ,पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह के निर्देशन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह खींची ने सुठालिया नगर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर पार्षद प्रतिनिधि मिथुन सिलावट को नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ,जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया,पूर्व विधायक पुरुषोत्तम दांगी ,पूर्व जनपद अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह,पूर्व पीसीसी सदस्य कृष्णपाल सिंह, उमेश मिश्रा , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लोधी,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पालीवाल,नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह परमार , सरपंच हासरोद धीरप सिंह सोंधिया, पूर्व सरपंच रामसिंह गोलखेड़ा सहित सभी वरिष्ठ नेताओं ओर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है एवं वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

## संकुल स्तरीय बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया गया जोर



**समय जगत, मंडला।** जिले के निवास विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मनेरी स्थित पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल (संकुल केंद्र) में विगत दिनों संकुल स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य रवीन्द्र झारिया ने की। बैठक में प्राचार्य श्री झारिया ने विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार पर विशेष बल देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने मूल्यांकन कार्य समय पर पूर्ण करने, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, विद्यालयों में स्वच्छता बनाए रखने तथा शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अपार आईडी, प्रोफाइल एवं ओटीआर संबंधी कार्यों को भी समय सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया गया। उन्होंने आगामी 1 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले नए शैक्षणिक सत्र के पूर्व सभी अभिलेख (रिकॉर्ड) को सुव्यवस्थित एवं अद्यतन करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी प्राचार्य रवीन्द्र झारिया, वरिष्ठ शिक्षक अशोक कुमार तिवारी, दीप नारायण दुबे एवं वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती संध्या नामदेव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। इसके अलावा संकुल केंद्र मनेरी के अंतर्गत आने वाले माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय–मेढ़ी, पौड़ी, भवरदा, भवेरा, भजिया, खैरानी, कोहनी एवं झुरकी–के संस्था प्रमुख, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अतिथि शिक्षक भी बैठक में शामिल हुए।

## कांग्रेस ने बनाया कर्ज का पहाड़, मोदी सरकार ने चुकाया : अशोक गुर्जर

**समय जगत, हरदा।** पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार पर कड़ा प्रहार करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला प्रवक्ता अशोक गुर्जर ने कहा है कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए देश को तेल बांड के बोझ तले दबा दिया था,जिसका भुगतान आज देश को करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह सच्चाई जनता से लंबे समय तक छिपाई गई,लेकिन अब तथ्य सामने आ रहे हैं।अशोक गुर्जर ने बताया कि वर्ष 2005 से 2010 के बीच कांग्रेस सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के दाम कृत्रिम रूप से कम बनाए रखने के लिए सरकारी तेल कंपनियों को हुए घाटे की भरपाई हेतु लगभग 1.34 लाख करोड़ रुपये के ऑयल बॉन्ड्स जारी किए थे। समय के साथ इन बांड्स पर ब्याज जुड़ता गया और कुल देनदारी बढ़कर लगभग 3.23 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कोई सीधी सब्सिडी नहीं थी,बल्कि एक स्थगित देनदारी थी,जिसे भविष्य की सरकारों को चुकाना ही था।उन्होंने कहा कि इन बांड्स के माध्यम से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन को लगभग 52 हजार करोड़ रुपये,भारत पेट्रोलियम को लगभग 28 हजार करोड़ रुपये तथा हिन्दुस्तान पेट्रोलियम को लगभग 34 हजार करोड़ रुपये के घाटे की भरपाई का भार अप्रत्यक्ष रूप से सरकार पर डाल दिया गया। यह संपूर्ण राशि अंततः केंद्र सरकार की जिम्मेदारी बन गई, जिसे छिपाकर कांग्रेस ने जनता को भ्रमित करने का काम किया।अशोक गुर्जर ने कहा कि वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी,तब इन बांड्स का भुगतान नियत समय पर किया जाना प्रारंभ हुआ। वर्ष 2015 से 2023 के बीच इन ऑयल बॉन्ड्स की परिपक्वता अवधि आने पर मोदी सरकार ने जिम्मेदारीपूर्वक उनका भुगतान किया। अब तक लगभग 1.3 लाख करोड़ रुपये के मूलधन के साथ-साथ भारी मात्रा में ब्याज का भुगतान किया जा चुका है। केवल वर्ष 2021-22 में ही लगभग 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि का भुगतान किया गया।उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीति हमेशा आज सस्ता दिखाओ, कल देश को कर्ज में डुबाओ की रही है। पेट्रोल-डीजल के दामों को कृत्रिम रूप से नियंत्रित करके उन्होंने न केवल सरकारी तेल कंपनियों को घाटे में डाला,बल्कि उस घाटे को छुपाने के लिए बांड जारी कर देश की आर्थिक स्थिति को कमजोर किया। यह आर्थिक कुप्रबंधन का स्पष्ट उदाहरण है। इसके विपरीत अशोक गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पारदर्शिता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए पूर्व सरकारों की देनदारियों को स्वीकार किया और उनका समय पर भुगतान किया।



## सार-समाचार

### स्वच्छता का संदेश देने आयोजित हुई दौड़, लाल बाग से इंदौर नाका तक दिखा जन-जुनून



**समय जगत, धार।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के तहत धार नगर पालिका परिषद ने रविवार को एक अनोखा और प्रेरक अभियान 'प्लग रन 2026' आयोजित किया। सुबह 7 बजे लाल बाग परिसर से शुरू हुई यह स्वच्छता दौड़ इंदौर नाका तक पहुंची, जहां प्रतिभागियों ने दौड़ते हुए रास्ते में फैले कचरे को उठाकर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान में नगरपालिका के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। इस पहल ने न केवल शहर की सफाई में योगदान दिया, बल्कि राहगीरों और दुकानदारों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुंवर विश्वनाथसिंह ने इस दौरान बाजार और सब्जी मंडी का दौरा किया। उन्होंने खरीदारी करने आए लोगों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि घर से निकलते समय कपड़े की थैली साथ लाना एक छोटी आदत है, लेकिन इसका प्रभाव बहुत बड़ा है। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर चिंता जताते हुए नागरिकों से इसके उपयोग से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक मुक्त आदतें ही धार को स्वच्छता में नई पहचान दिला सकती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे 'क्लीन सिटी–ग्रीन सिटी' के लक्ष्य को हासिल करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और स्वच्छ सर्वेक्षण में धार को अग्रणी स्थान दिलाएंगे। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ऐसे जन–जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेंगे और जो भी सामाजिक संस्थाएं या नागरिक इस मुहिम से जुड़ना चाहते हैं, उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### लोकायुक्त प्रकरण में आयुष विभाग की सहायक ग्रेड-2 पर की गई सख्त कार्यवाही



**झाबुआ।** कलेक्टर नेहा मीना द्वारा विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त कार्यालय इंदौर द्वारा दर्ज प्रकरण के आधार पर कार्यवाही करते हुए जिला आयुष कार्यालय झाबुआ में पदस्थ सहायक ग्रेड–2 श्रीमती रत्नाप्रेम पंवार पति श्री नरेन्द्रसिंह पंवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।
लोकायुक्त कार्यालय इंदौर द्वारा अपराध क्रमांक 0/7/2026 के अंतर्गत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (संशोधन) नियम 2018 की धारा 7 के तहत श्रीमती पंवार के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उक्त प्रकरण के आधार पर कलेक्टर नेहा मीना द्वारा यह निलंबन कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि के दौरान श्रीमती पंवार का मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय, जिला झाबुआ नियत किया गया है। साथ ही, उन्हें शासन के नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या संलिप्तता पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### आबकारी विभाग द्वारा ग्राम धामनी नाना में 1.4 लाख रुपये से अधिक की अवैध शराब जब्त



**समय जगत, झाबुआ।** जिले में अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम हेतु कलेक्टर नेहा मीना एवं उपायुक्त संभागीय उड़नदस्ता इंदौर संजय तिवारी द्वारा सतत कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के परिपालन में मदिरा संग्रहण, परिवहन, चौर्यनयन एवं विक्रय के खिलाफ ज़िला आबकारी अधिकारी झाबुआ श्रीमती बसंती भूरिया के निर्देशन में मुखबिर की सूचना पर आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा आबकारी वृत्त झाबुआ ब में ग्राम धामनी नाना में मुखबिर द्वारा बताये स्थान तालाब के पास रखी मक्के की कड़ब की विधिवत तलाशी लेने पर विदेशी मदिरा माउंट 6000 बियर मदिरा 52 पेटी (कुल– 624 बल्क लीटर) विधिवत जप्त कर कब्जे आबकारी लेकर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 एवं संशोधित अधिनियम 2000 की धारा 34(1)(क), 34(2), के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया उक्त कार्यवाही नवीन विधान के तहत विडियोग्राफी व फोटोग्राफी की गयी। जप्तशुदा मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य राशि रुपये 1,43,520 रु. है। उक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री महादेव सोलंकी के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक विकास वर्मा द्वारा की गई व आबकारी उपनिरीक्षक योगेश दामा, अकलेश सोलंकी, प्रेमसिंह परमार एवं आबकारी स्टाफ प्रकाश भाबर, कांतु डामोर, कुसुम डामोर, श्रीराम शर्मा, सोहन नायक, कुंवरसिंह डावर, पवन गाडरिया, विजय चौहान, पंकज डोडियार, श्रीमती पुष्पा बारिया, विद्या डामोर का उल्लेखनीय योगदान रहा। जिले में अवैध शराब की बिक्री एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### अशोकनगर में MPTCL सीजन-2 का भव्य आगाज, आज आएंगे महानार्यमान सिंधिया

**समय जगत, अशोकनगर।** शहर के खेल प्रेमियों के लिए आज का दिन बेहद खास होने जा रहा है। संजय स्टेडियम में ग्रामीण खेल प्रचार एवं शिक्षा समिति द्वारा स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की स्मृति में आयोजित MPTCL सीजन–2 के भव्य आयोजन में आज मुख्य अतिथि के रूप में महानार्यमान सिंधिया, चेयरमैन शामिल होंगे। चेयरमैन बनने के बाद यह उनका अशोकनगर का पहला दौरा है, जिसे लेकर शहर में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति द्वारा उनके स्वागत के लिए भव्य तैयारियां की गई हैं। रात 9 बजे संजय स्टेडियम में शानदार लाइट शो और भव्य आतिशबाजी के साथ उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा, जिससे पूरा शहर रोशनी से जगमगा उठेगा।

## मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेले में परंपरा पराक्रम और प्रतिभा का अद्भुत संगम

### व्यायाम शालाओं के करतबों ने बांधा समां, अर्चना चिटनिस ने किया उत्साहवर्धन



**समय जगत बुरहानपुर।** ग्राम धामनगांव में मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेले के अंतर्गत आयोजित ब्रह्मपुर कला कौशल एवं विभिन्न व्यायाम शालाओं की प्रस्तुतियों ने मेले को जीवंत और रोमांच से भर दिया। कार्यक्रम में बालक-बालिकाओं द्वारा किए गए योग अभ्यास, लेझिम की तालबद्ध प्रस्तुतियां, बाना-बनेट की पारंपरिक युद्धकला एवं हैरतअंगेज शारीरिक करतबों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे परिसर में ऊर्जा, अनुशासन और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। व्यायाम शालाओं से जुड़े कलाकारों ने अपनी कड़ी साधना, साहस और कौशल का परिचय देते हुए एक से बढ़कर एक रोमांचक प्रदर्शन किए। किसी ने नुकीली कीलों पर खुले बदन लेटकर अपने सीने पर भारी फर्श तुड़वाया और नारियल फोड़कर अपनी सहनशक्ति का परिचय दिया, तो वहीं कुछ कलाकारों ने आंख की पलक और कान में केबल बांधकर पानी से भरी स्टील की बाल्टियां और कलसी लटकाकर अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया। एक कलाकार ने दांतों से 40 किलोग्राम तक का वजन उठाकर उपस्थित जनसमूह को आश्चर्यचकित कर दिया। इन साहसिक प्रदर्शनों को देखकर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

इस गरिमामयी अवसर पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए व्यायामशालाओं के उस्तादों का स्वागत-सम्मान कर अभिनंदन किया। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि व्यायामशाला परंपरा हमारे देश की गौरवशाली धरोहर है, जो शरीर के साथ-साथ चरित्र और आत्मबल का भी निर्माण करती है।

**कबड्डी प्रतियोगिताएं हुई आयोजितः** इसी क्रम में ग्रामोदय मेला अंतर्गत आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रही। प्रतियोगिता के दौरान श्रीमती अर्चना चिटनिस सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन, फुर्ती और रणनीति से दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान खेल भावना और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला, जिसने युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि यह मेला 19 मार्च से 27 मार्च (श्रीराम नवमी) तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की विविध श्रृंखला चल रही है। भजन संध्या, कीर्तन, पारंपरिक दंगल, लावणी नृत्य, व्यायामशाला प्रदर्शन, खेल प्रतियोगिताएं, कृषि आधारित प्रशिक्षण एवं हस्तशिल्प बाजार जैसे आयोजन मेले को बहुआयामी स्वरूप प्रदान कर रहे हैं। मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला आज केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक उत्थान का सशक्त मंच बन चुका है।

## कचरा जलाने से हादसे की बनी रहती है आशंका



**समय जगत, हरदा।** नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी ने मीडिया को प्रेसनोट जारी करते हुए कहा कि शहर में कचरा प्रबंधन की बदहाल व्यवस्था अब प्रशासनिक विफलता का खुला उदाहरण बन चुकी है। नगर पालिका द्वारा मुक्तिधाम के सामने एक ही स्थान पर लगातार कचरा डंप किया जा रहा है,जहां बार-बार आग लगने से पूरा क्षेत्र जहरीले धुएं की चपेट में है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कचरे के ढेर में दिन-रात आग सुलगती रहती है। दिन में दिखावे के लिए पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की जाती है,लेकिन रात होते ही फिर वही हालात बन जाते हैं। सड़कों और गलियों में धुएं की मोटी परत छा जाती है,जिससे न केवल आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है,बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना हुआ है। नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन बीस टन से अधिक गीला और सूखा कचरा एक ही स्थान पर फेंका जा रहा है। वर्षों से यही स्थिति बनी हुई है,जिससे वह जगह अवैध और खतरनाक डंपिंग ग्राउंड में तब्दील हो चुकी है। न कोई वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन,न कोई स्थायी योजना,सिर्फ लापरवाही। जहरीला धुआं बन रहा साइलेंट किलर,कचरे में लग रही आग से निकलने वाला जहरीला धुआं अब साइलेंट किलर बनता जा रहा है। लोगों को सांस लेने में तकलीफ, दमा,खांसी और आंखों में जलन जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों पर पड़ रहा है,लेकिन प्रशासन को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता दिख रहा है।सालों से शिकायत,फिर भी नहीं कार्रवाई,कलेक्टर की भूमिका पर गंभीर सवाल,यह समस्या कोई नई नहीं है। वर्षों से नागरिक जिला प्रशासन और कलेक्टर कार्यालय में शिकायतें कर रहे हैं,लेकिन आज तक कोई ठोस और स्थायी समाधान नहीं निकाला गया।

**अब जनता सीधे सवाल कर रही हैः** क्या कलेक्टर को इस गंभीर समस्या की जानकारी नहीं है?

या फिर जानकारी होने के बावजूद भी जानबूझकर अनदेखी की जा रही है? जब खुलेआम एक ही स्थान पर कचरा डंप हो रहा है और उसमें बार-बार आग लग रही है,तो यह सिर्फ नगर पालिका की नाकामी नहीं,बल्कि जिला प्रशासन की निष्क्रियता और उदासीनता का भी स्पष्ट प्रमाण है।

## मेक्रो विज़न एकेडमी की अंतिम प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए हजारों विद्यार्थी



**समय बुरहानपुर।** बुरहानपुर स्थित प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान मेक्रो विज़न एकेडमी में 2026-27 सत्र के लिए अंतिम प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए देश भर से हजारों विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ एकेडमी पहुंचे। भारी भीड़ और उत्साह के साथ प्रवेश परीक्षा के लिए सुबह से ही कैंपस में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का जमावड़ा लग गया था। हजारों की संख्या में आए परीक्षार्थियों के कारण कैंपस में मेले जैसा माहौल रहा। एकेडमी ने इस सत्र के लिए अंतिम प्रवेश परीक्षा 22 मार्च 2026 घोषित की थी। इससे पहले 4 और 18 जनवरी को भी प्रवेश प्रक्रिया आयोजित की गई थी। यह परीक्षा कक्षा 1 से 11वीं तक के विभिन्न वर्गों में प्रवेश के लिए आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, गणित, विज्ञान और भाषा विषयों का परीक्षण किया गया। विद्यार्थियों का आना, क्रोनोस्फीयर का भ्रमण करना और साथ ही स्कूल फोर्म भरना और पैराडाइज विंग में परीक्षा देना, कुछ समय में ही परीक्षा परिणाम घोषित करना, स्कूल के वालेंटियर द्वारा स्कूल का भ्रमण कराना जिसमें पेटल्स होस्टल, पैराडाइज होस्टल, उड़ान होस्टल, पेशन होस्टल और विशेष रूप से गर्ल्स के लिए डिवाइन होस्टल, अत्याधुनिक तकनीक से लैस क्रोनोस्फीयर और जोश क्लब तथा स्कूल की व्यवस्था और सुख - सुविधाओं के साथ हर क्लास में स्मार्ट बोर्ड और साथ ही कक्षा कक्ष को देखकर अभिभावकों की आंखों में अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य को लेकर एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। सभी अभिभावकों को स्कूल में बने देश के सबसे बड़े ओडोटोरियम अनहद आनंद में मेक्रो विज़न एकेडमी के चैयरमैन और अध्यक्ष आनंद प्रकाश चौकसे ने सभी अभिभावकों का मार्गदर्शन किया। सुबह से लेकर शाम तक अभिभावक और विद्यार्थियों का आवागमन जारी रहा। चयनित विद्यार्थियों को एकेडमी के आवासीय और गैर आवासीय विद्यार्थियों को शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ - साथ एकेडमिक शिक्षा का शानदार अवसर मिलेगा। हाल ही में एकेडमी के छात्रों ने JEE Main 2026 और हर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने 99 से अधिक परसेंटाइल हासिल किए हैं।

## बदलते मौसम से फसलों को नुकसान की आशंका, किसान हो रहे हैं परेशान



**समय जगत, सिलवानी।** क्षेत्र में मौसम के लगातार बदलते मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। विगत दोपहर हुई बारिश और हल्की ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी और कटी फसलों को नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर तेज हवा के कारण पकी हुई गेहूं की फसल गिर गई, जिससे किसानों को समय से पहले कटाई कराने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। शनिवार और रविवार को भी आसमान में बादल छाए रहने से किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। जिन किसानों की फसल कटकर खेतों में पड़ी है, वे उसे जल्द से जल्द समेटने में जुट गए हैं ताकि संभावित बारिश से बचाया जा सके।

**महंगे हार्वेस्टर से बढ़ा खर्चः** ग्राम खमेरा के किसान राम सिंह आदिवासी ने बताया कि मौसम खराब होने की आशंका के कारण उन्हें महंगे किराए पर हार्वेस्टर लेकर गेहूं की कटाई करानी पड़ रही है, जबकि फसल पूरी तरह पक भी नहीं पाई है। उन्होंने कहा कि यदि तेज आंधी या बारिश होती है तो पूरी फसल बर्बाद हो सकती है।

**'खाई और कुएं' जैसी स्थिति में किसानः** ग्राम सिंह पुरी के किसान महेंद्र यादव ने बताया कि किसानों की स्थिति बेहद कठिन हो गई है। उन्हें इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन हाल की बारिश और तेज हवा से गेहूं की फसल गिर गई है। इससे दाना हल्का होने की आशंका भी बढ़ गई है, जिससे बाजार में कम दाम मिल सकते हैं।

**कटाई और थ्रेसिंग में बढ़ी परेशानीः** क्षेत्र में लगभग 50 प्रतिशत फसलों की कटाई हो चुकी है, जबकि बाकी फसलें अभी खेतों में हैं। मौसम बिगड़ने की आशंका के चलते किसान जल्द से जल्द कटाई कराने के लिए हार्वेस्टर चालकों के चक्कर लगा रहे हैं। वहीं चना और सरसों की फसल की थ्रेसिंग के लिए मजदूरों की मांग बढ़ गई है। मजदूरी दर भी बढ़कर 300-350 रुपये से 450-500 रुपये तक पहुंच गई है, जिससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

**बारिश से कटी फसलें हुई खराबः** हाल की बारिश से कई जगह फसलें भीग गई हैं। जहां ओलावृष्टि नहीं हुई, वहां भी पानी पड़ने से गेहूं का रंग प्रभावित हुआ है, जिससे उसके दाम कम मिलने की संभावना है। किसान कमलेश आदिवासी ने बताया कि खेतों में पड़ी चने की फसल भीग चुकी है और अब उसे सुखाने के लिए धूप का इंतजार करना पड़ रहा है।

### पांढुरना में कांग्रेस संगठन में नई ऊर्जा का हुआ संचार, पार्टी की सांगठनिक सुदृढ़ता के भी हैं आसार

## पूर्व सांसद नकुलनाथ के दौरे से बढ़ा जोश, रिंग रोड निर्माण की मांग हुई तेज

**पांढुरना (देवेन्द्र खुरसंगे)।** जिले में कांग्रेस संगठन इन दिनों पूरी तरह सक्रिय और संगठित नजर आ रहा है। पूर्व सांसद नकुलनाथ के हालिया दौरे ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार कर दिया है। उनके आगमन से जिले में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। पूर्व सांसद नकुलनाथ ने अपने प्रवास के दौरान धनोरा (नांदनवाड़ी) एवं बड़चिचोली में आयोजित महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लिया। इन बैठकों में जिला, ब्लॉक, नगर और ग्रामीण स्तर के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने संगठन की मजबूती पर विशेष जोर दिया और कहा कि पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना ही कार्यकर्ताओं का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा दी। नकुलनाथ ने कहा कि संगठन की मजबूती ही भविष्य की सफलता की कुंजी है और इसके लिए हर कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका जरूरी है।



इस दौरान नगर कांग्रेस द्वारा पांढुरना शहर के विकास से जुड़ी एक अहम मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। कार्यकर्ताओं ने शहर में बढ़ते यातायात दबाव और अव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए रिंग रोड निर्माण की मांग रखी। उनका कहना था कि रिंग रोड बनने से न केवल शहर के भीतर ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी, बल्कि बाहरी वाहनों के लिए सुगम मार्ग भी उपलब्ध होगा, जिससे शहर का समग्र विकास तेजी से संभव हो सकेगा। कार्यकर्ताओं ने यह भी बताया कि पांढुरना का विस्तार तेजी से हो रहा है, ऐसे में भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आधारभूत संरचना का विकास अत्यंत आवश्यक है। रिंग रोड बनने से व्यापार, परिवहन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद ने कई कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और संगठन की गतिविधियों को लेकर फीडबैक भी लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जनता के बीच लगातार सक्रिय रहना ही संगठन की असली ताकत है।

इस अवसर पर पांढुरना विधायक नीलेश उइके, सौंसर विधायक विजय चौरे, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, पांढुरना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जतन उइके, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लता तूमडाम, बड़चिचोली ब्लॉक अध्यक्ष श्रीकांत महाजन तथा नांदनवाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष मुशनलाल उइके सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, युवा कार्यकर्ता और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। सभी ने पूर्व सांसद का गर्मजोशी से स्वागत किया और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेलः dainiksamayjagat@gmail.com